राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 132, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 27 नवंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

कोयला आधारित बिजली संयंत्र दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा रहे प्रदूषण, रिपोर्ट में हुआ खुलासा .... पेज 03

पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के चलते तीसरे दिन प्रभावित रहा ट्रेनों का संचालन .... पेज 05

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के लिए अपनी टीम के खिलाड़ियों सूची जारी की .... पेज 07

## जाति व्यवस्था और आरक्षण पर सीजेआई चंद्रचूड़ का बड़ा बयान

### आज की कानून की जटिल हकीकत ने भी जातिगत विभाजन को कायम रखा है

नई दिल्ली। (पी एम ए) भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जाति व्यवस्था और आरक्षण को लेकर बड़ा बयान दिया है। सीजेआई ने कहा कि आज भी जाति का प्रभाव बना हुआ है।

देश के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि ऐतिहासिक तौर पर ही नहीं बल्कि आज की कानून की जटिल हकीकत ने भी जातिगत विभाजन को कायम रखा है। ऐसे में सरकार (स्टेट) द्वारा आरक्षण और अन्य सकारात्मक प्रयास ही असमानताओं को दूर करने के लिए आशा की किरण हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ शनिवार को बेंगलूरु में 36वें लॉएशिया सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें कानून में निहित जटिलताओं को स्वीकार करना चाहिए जो असमानताओं को कायम रखती हैं।



### सरकार के दखल से दूर हो सकते हैं सामाजिक पूर्वाग्रह

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा है कि आज स्वतंत्रता के मायने बदल गए हैं। ऐतिहासिक तौर पर स्वतंत्रता का मतलब व्यक्तिगत कार्यों और निर्णयों में सरकार के दखल से मुक्ति थी लेकिन समकालीन विद्वान इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामाजिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में सरकार की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जहां सरकार दखल नहीं करती वहां स्वत-सामाजिक और आर्थिक रूप से समृद्ध समुदाय ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर रहने वाले लोगों पर प्रभुत्व स्थापित करने की छूट मिल जाती है। उन्होंने आदिवासी समुदायों का उदाहरण देकर समझाया कि उनके लिए अपनी जमीन पर अधिकार ही स्वतंत्रता है और जमीन पर सरकार का अधिकार उनके प्रति भेदभाव दर्शाता है।

### अलग पहचान में न बांधा जाए

सीजेआई ने कहा कि हमारे समाज में अंतर्निहित प्रणालीगत भेदभाव को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि लोगों को अलग-अलग पहचान में न बांधा जाए। विकलांग लोगों को किसी लाभ के लिए पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए मजबूर किया जाता है और इसके लिए मानदंड तय करने से कई लोगों को लाभ से वंचित रहना पड़ता है। ऐसे में हमें उनकी मदद करने की जरूरत है। इसी तरह लिंग आधारित कानून बनाने से पुरुषों को फायदा और महिलाओं को नुकसान हुआ।

## तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस संपन्न, विश्व कल्याण के लिए जुटेगी हिन्दू शक्ति

बैंकॉक। दुनिया में आर्थिक, राजनीतिक, मीडिया, औद्योगिक और तकनीक के क्षेत्र में हिन्दुओं को एकजुट करके उनकी सामूहिक शक्ति के साथ विश्व कल्याण के लिए सामर्थ्य हासिल करने के संकल्प के साथ तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का रविवार को यहां समापन हो गया।

तीन दिन तक चले इस सम्मेलन का समापन यजुर्वेद के %शांति मंत्र% के साथ हुआ। सम्मेलन में 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में मां भारती के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों की याद में एक मिनट का मौन भी रखा गया। प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी अम्मा ने सभा में आशीर्वचन भी दिये।

चौथी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2026 में तथा वर्ल्ड हिन्दू इकॉनोमिक फोरम का शिखर सम्मेलन अगले साल मुंबई में आयोजित करने की घोषणा की गई।

इस मौके पर सम्मेलन के अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने विश्व के 61 देशों के करीब 2200 प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उनका आह्वान किया कि वे अपने संपर्क के हर हिन्दू से जुड़ें और इस तरह से हिन्दू शक्ति को संगठित करें।

## मलेशिया में भारतीयों के लिए वीजा-फ्री एंट्री

### 1 दिसंबर से शुरू होगी सुविधा, 30 दिनों तक मलेशिया में रह सकेंगे

क्वालालंपुर। मलेशिया में 1 दिसंबर से भारत के नागरिकों को वीजा-फ्री एंट्री मिलेगी। इस बात की जानकारी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दी है। अनवर ने कहा कि 1 दिसंबर से देश की यात्रा पर आने वाले चीन और भारत के नागरिकों के लिए एंट्री वीजा की आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया गया है।

### 30 दिनों तक मलेशिया में वीजा-फ्री रह सकते हैं भारतीय नागरिक

अनवर ने पुत्रजया में अपनी पीपुल्स जस्टिस पार्टी की एनुअल कॉन्ग्रेस में एक स्पीच में कहा कि चीनी और भारतीय नागरिक 30 दिनों तक मलेशिया में वीजा-फ्री रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा जांच के अधीन होगा। मलेशिया इकोनॉमिक ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए ऐसा कर रहा है।




### चीन ने भी मलेशिया के नागरिकों को दी है वीजा-फ्री एंट्री

चीन ने शुक्रवार को कहा था कि वह मलेशिया सहित छह देशों के नागरिकों को बिना वीजा के देश में एंट्री की अनुमति देगा। यह 1 दिसंबर से प्रभावी होगा और अगले साल 30 नवंबर तक चलेगा।

इसके अलावा चीन सरकार उन देशों के बिजनेस और फैमिली ट्रैवलर्स को 15 दिनों तक चीन में वीजा-फ्री रहने की अनुमति देगी। छह दिन पहले खबर आई थी कि वियतनाम भी भारत के ट्रैवलर्स के लिए वीजा फ्री एंट्री शुरू कर सकता है। अभी जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के नागरिक बिना वीजा के वियतनाम में प्रवेश कर सकते हैं। लोकल न्यूज एजेंसी वीएन एक्सप्रेस के अनुसार वियतनाम के संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्री गुयेन वान हंग ने पर्यटन में सुधार लाने के लिए चीन और भारत जैसे प्रमुख बाजारों के लिए शॉर्ट टर्म वीजा वेवर देने को कहा है।

**श्रद्धांजलि**



मुंबई में 26/11 हमले की 15वीं बरसी पर पुलिस कर्मियों ने उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने आतंकवादियों से लड़ते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी।

## 'मन की बात' में सऊदी अरब में संस्कृत उत्सव, भारत के गांव-देहात के मेलों की चर्चा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सऊदी अरब में हाल में भारतीय संस्कृति पर संस्कृत में हुए एक कार्यक्रम में वहां के स्थानीय लोगों की भी भागीदारी देखी गयी। मोदी ने आकाशवाणी से 'मन की बात' की आज प्रसारित ताजा कड़ी में विभिन्न विषयों के साथ अपनी जानकारी में आए भारत की वैविध्यपूर्ण समृद्ध संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, इसी महीने सऊदी अरब में 'संस्कृत उत्सव' नाम का एक आयोजन हुआ। यह अपने आप में बहुत अनूठा था, क्योंकि ये पूरा कार्यक्रम ही संस्कृत में था। संवाद, संगीत, नृत्य सब कुछ संस्कृत में, इसमें, वहाँ के स्थानीय लोगों की भागीदारी भी देखी गयी। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति की सुंदरता को सऊदी अरब में भी महसूस किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने सुझाव पर केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित मेला मोमेंट्स कंटेस्ट (मेलों की झलक प्रतिस्पर्धा) में हज़ारों लोगों की भागीदारी का जिक्र किया।

## चंडीगढ़ बॉर्डर पर जुटे सैकड़ों किसान, दिल्ली जैसे होगा प्रदर्शन

### न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत



### यातायात को लेकर एडवाइजरी जारी

पुलिस ने हवाई अड्डे, एयरोसिटी और बेस्टेक मॉल की ओर जाने वाले वाहन चालकों को फैदां से दाईं ओर जाने और फिर सेक्टर 46/47/48/49/ चौक से बाईं ओर सीधे एयरपोर्ट मार्ग की ओर जाने की सलाह दी है। मोहाली पुलिस ने अपने यातायात परामर्श में कहा कि जगतपुरा सेक्टर 48-49 ट्रैफिक सिग्नल से बावा व्हाइट हाउस तक यातायात 28 नवंबर तक स्थगित रहेगा। माना जा रहा है कि अगले कई दिनों तक प्रदर्शन जारी रखने की तैयारी के साथ किसान आए हैं। आने वाले दिनों में प्रदर्शनकारी किसानों की संख्या और बढ़ सकती है।

चंडीगढ़ । संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पंजाब के विभिन्न हिस्सों से किसान रविवार को मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर इकट्ठा हुए। इन लोगों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए अपने तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन से पहले सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है और वाहनों की आवाजाही के लिए रास्ते बदले गए हैं। किसान केंद्र के तीन कृषि कानूनों (अब रद्द किए जा चुके) के खिलाफ 2020-21 में हुए आंदोलन के दौरान अपने खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने, उस दौरान जान गंवाने वाले किसानों के परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी, कर्ज माफी और पेंशन की मांग कर रहे हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा विभिन्न किसान संघों का संगठन है। किसानों ने घोषणा की है कि वे अपनी मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन पंजाब के राज्यपाल को देने के लिए चंडीगढ़ में राजभवन तक मार्च करेंगे। लुधियाना, फिरोजपुर, संगरूर समेत पंजाब के कई हिस्सों से किसान रविवार को मोहाली के फेज-11 और भारतीय विज्ञान शिक्षा व अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) चौक मार्ग पर मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर एकत्र हुए। उन्हें तीन दिवसीय प्रदर्शन के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर आते देखा गया। वे अपने साथ राशन, बिस्तर, बर्तन, रसोई गैस सिलेंडर जैसी आवश्यक वस्तुएं भी लेकर आए हैं।

### सैकड़ों किसान प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे

भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने बताया कि सैकड़ों किसान पहले ही प्रदर्शन स्थल पर पहुंच चुके हैं। एक किसान ने बताया कि वह शनिवार दोपहर फिरोजपुर स्थित अपने गांव से रवाना हुए थे और लगभग 2 बजे मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर पहुंचे। पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस ने मोहाली-चंडीगढ़ सीमा के पास अवरोधक लगाकर सुरक्षा बढ़ा दी है। चंडीगढ़ पुलिस ने यातायात परामर्श में कहा कि आंदोलन के मद्देनजर पूर्व मार्ग पर फैदां से मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की ओर जाने वाली सड़कें 28 नवंबर तक अस्थायी रूप से बंद रहेंगी।

## गुजरात में आकाशीय बिजली गिरने से 14 की मौत

### पूरे राज्य में बेमौसम बारिश जारी, ओले गिरने से राजकोट के हाईवे पर कश्मीर जैसा नजारा

अहमदाबाद। गुजरात के सौराष्ट्र और उत्तर गुजरात समेत लगभग पूरे राज्य में बेमौसम बारिश का कहर जारी है। राज्य में अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से 14 लोगों की जान चली गई है।

मृतकों में जाफराबाद का 16 वर्षीय नाबालिग भी शामिल है। वहीं, मेहसाणा में तेज हवाओं के कारण पेड़ के नीचे दबने से एक रिक्शा चालक की मौत हो गई।

### सोमनाथ मेले तेज हवाओं का कहर

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।



सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक राज्य के 156 तालुका में बारिश दर्ज की गई है। दूसरी ओर, तेज हवाओं से सोमनाथ मेले में भी भारी तबाही हुई है। मेले लगे दर्जनों स्टॉल जमींदोज हो गए हैं।

सबसे ज्यादा बारिश सौराष्ट्र के जिलो में हो रही है। वहीं, राजकोट में हाईवे पर आज सुबह जोरदार ओले गिरने से हाईवे का माहौल कश्मीर जैसा हो गया। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे लोग बर्फ लेकर सेल्फी लेते भी नजर आए। बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान है।

### गिरनार परिक्रमा के लिए बारिश बनी आफत

हर साल की तरह जूनागढ़ जिले की गिरनार परिक्रमा चल रही है। परिक्रमा में 20 हजार से ज्यादा लोग इस समय गिरनार के जंगलों में हैं। वहीं, बारिश के चलते श्रद्धालुओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश और खराब मौसम के अलर्ट के चलते गिरनार रोप-वे भी बंद कर दिया गया है।

### राजकोट के मार्केटिंग यार्ड तीन दिन के लिए बंद

राज्य मौसम विभाग ने आज से 28 नवंबर तक तक राजकोट समेत सौराष्ट्र में बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर राजकोट के मार्केटिंग यार्ड प्रबंधन ने तीन दिन के लिए मिर्च-मूंगफली और प्याज की फसलों की आवक पर रोक लगा दी है। जोरदार बारिश और ओलावृष्टि से सब्जियों और बागवानी फसलों को नुकसान हुआ है।

### मोटर साइकिल से शव लेकर जाने का वीडियो वायरल

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल के जिला अस्पताल से मोटर साइकिल से शव को लेकर जाने का वीडियो आज सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने दो सुरक्षा गार्डो को हटा दिया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ जे एस परिहार ने बताया कि शव वाहन की व्यवस्था की जा रही थी कि मृतक के परिजन शव को मोटर साइकिल में रख कर ले गए। उन्होंने बताया कि जिन दो सुरक्षा गार्डो ने उन्हें रोका नहीं, उनको हटा दिया गया है। दरअसल, जिला अस्पताल में आज एक मरीज ललुआ बैगा (65) की मौत होने पर जब अस्पताल से शव वाहन नहीं मिला तो परिजनों ने शव को मोटर साइकिल पर बीच में बैठाया और सात किलोमीटर दूर धुरवार गांव ले गए।

## ओटीटी की फिल्मों-सीरीज पर भी सेंसरशिप, कड़े नियम बनेंगे

### सरकार डिलीट कर सकती है कंटेंट; नए ब्रॉडकास्टिंग बिल का ड्राफ्ट तैयार

**नई दिल्ली।** अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, डिज्नी हॉटस्टार जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जल्द ही सेंसरशिप के दायरे में होंगे। दरअसल, केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय ने नए ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

इसमें ओटीटी, सैटेलाइट केबल टीवी, डीटीएच, आईपीटीवी, डिजिटल न्यूज और करेंट अफेयर्स के लिए भी नए नियम बनाए जा रहे हैं। इसके बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क ऑपरेटर कहलाएंगे।




यदि कोई ऑपरेटर या ब्रॉडकास्टर नियमों को नहीं मानता है, तो सरकार उस कंटेंट को संशोधित करने, डिलीट करने या तय घंटों तक ऑफ एयर रहने से लेकर संबंधित प्लेटफॉर्म पर पाबंदी भी लगा सकती है।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगी

नए नियमों के तहत ओटीटी चैनल को सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सब्सक्राइबर बेस बताना होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए कड़े कानून लागू होने से उनकी लागत बढ़ेगी। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए सब्सक्रिप्शन फीस महंगी की जा सकती है।

## मिर्जापुर : कार-ट्रक ट्रेलर की टक्कर में तीन महिला सहित चार लोगों की मौत

### मृतकों में मां-बेटी और नाती शामिल, वाराणसी से शादी समारोह से सोनभद्र लौट रहा था परिवार

मिर्जापुर। मिर्जापुर में एक ट्रेलर और टी 20 कार की टक्कर में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में मां, 2 बेटियां और नाती शामिल है। ये परिवार वाराणसी में शादी में शामिल होकर अपने घर सोनभद्र लौट रहा था, तभी अदलहाट थाना क्षेत्र के नारायणपुर चौकी के टेडूवा बाबा मंदिर के पास ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। कार में 7 लोग सवार थे, जिनमें घायल 3 लोगों का वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि ओबरा से कार सवार वैवाहिक समारोह में गए थे। रात करीब 12 बजे लौटते समय हादसा हो गया। हादसे में घायल सभी 7 लोगों को पुलिस ने वाराणसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां इलाज के दौरान शकीला बानो निवासी ब्रह्म नगर थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र (60), उनकी बेटी हुस्नआरा (40), परवीन (37) और हुस्नाआरा के बेटे दिलशान बख्तियार (12) की मौत हो गई। जबकि 3 की हालत गंभीर है। जिनमें एक बच्चा समेत 2 लोग शामिल हैं।



हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल में पहुंचे। समारोह की खुशियां कुछ ही देर में मातम में बदल गईं। एसपी नक्सल ओपी सिंह ने बताया कि रात में हुए हादसे में घायलों को रामनगर में भर्ती कराया गया। वहां से वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। इलाज के दौरान एक 12 साल के बच्चे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 3 लोगों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। ट्रेलर को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**हत्या**

### घटना की सूचना मिलते ही एसपी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की

## पति ने पत्नी को जिन्दा फूंका, ससुर की हत्या के बाद खुद फांसी पर लटका

हमीरपुर। (पी एम ए) जिले में रविवार की भोर एक युवक ने ससुराल में पत्नी और ससुर की हत्या करने के बाद खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही एसपी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

मुस्करा थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव निवासी ओमप्रकाश की शादी कई साल पहले राठ कस्बे के पठानपुरा नई बस्ती मुहाल में अनसुइयां के साथ हुई थी। इन दोनों में आए दिन विवाद होता था। पिछले माह पति से परेशान होकर अनसुइयां अपनी ग्यारह और सोलह साल की दो बेटियों व एक पुत्र के साथ मायके चली गई थी। पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश (41) अपनी ससुराल गया था, जहां रविवार की सुबह उसने अपनी पत्नी को घर में ही जिन्दा फूंक डाला। बीच बचाव करने आए ससुर नंदकिशोर (55) की भी हत्या कर ओमप्रकाश ने खुद को अवैध असलहे से गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना में प्राथमिक स्कूल का हेडमास्टर रतन लाल (55) भी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल भेजा गया है।



वह ओमप्रकाश का मित्र है। तीन लोगों की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पाते ही एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा, एएसपी मायाराम वर्मा मौके पर पहुंचकर घटना की डॉग स्क्वायड और फोरेसिंक टीम के साथ जांच कर रही है।

### सोते समय पत्नी को किया गया आग के हवाले

मृतक की बड़ी बेटी ने बताया कि शनिवार को पापा ओमप्रकाश अपने मित्र रतनलाल के साथ घर आए थे। रविवार की भोर तीन बजे पापा ने चारपाई पर सो रही मां को जला दिया। चीख-पुकार मचने पर नाना नंदकिशोर मौके पर पहुंचे तो उन्हें जमीन पर पटक दिया और पत्थर से सिर पर वार किया। इससे मौके पर उनकी मौत हो गई। इसके बाद पापा ने भी खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि घटना के बाद उन्हें और भाई को भी मारने का प्रयास किया गया।

घटनास्थल पर एसपी ने जांच करने के बाद परिजनों से पूछताछ की। एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि ओमप्रकाश का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घरेलू विवाद के कारण अनसुइयां अपनी बेटी के साथ मायके में आ गई थी। ओमप्रकाश ने पत्नी को जला दिया। इसी बीच ससुर की हत्या कर उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शार्ट न्यूज

### मुंबई आतंकवादी हमले की बरसी पर राजनाथ व केजरीवाल ने पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। (पी एम ए) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य ने रविवार को मुंबई आतंकवादी हमले की 15वीं बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में, राजनाथ सिंह ने कहा, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। राष्ट्र उन सुरक्षा कर्मियों के बलिदान को हमेशा याद रखेगा जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपनी जान दे दी। केजरीवाल ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, आज मुंबई आतंकी हमले की बरसी है। मैं हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उस बहादुर व्यक्ति के प्रति भी अपना सम्मान व्यक्त करता हूं जिन्होंने देश बचाने के लिए अपनी जान दे दी। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, 26/11। मुंबई पर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित, समर्थित आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया। भारत अभी भी न्याय का इंतजार कर रहा है। कभी न भूलें। हमारे सभी नायकों को श्रद्धांजलि जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इस दिन हमने जो जिंदगियां खोईं, उन्हें याद कर रही हूं। 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकियों सहित कुल 166 लोग मारे गए थे।

### किसान सीसीआई के राज्य स्तरीय कार्यालय का 29 को करेंगे घेराव

सिरसा। भारतीय किसान एकता (बीकेई ) के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि सीसीआई सिरसा जिले में बिना किसी शर्त के नरमे की सरकारी खरीद शुरू करे। अगर 28 नवंबर तक सीसीआई नरमे की खरीद शुरू नहीं करती है तो किसान बुधवार 29 नवंबर को सीसीआई के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरनाला रोड, सिरसा स्थित राज्य स्तरीय कार्यालय का घेराव करेंगे। किसान नेता औलख ने बताया कि 25 नवंबर तक सिरसा जिले की मंडियों में कुल सात लाख 14 हजार क्विंटल नरमे की आवक हुई है, जिसमें से मात्र 11900 क्विंटल नरमा ही सीसीआई ने खरीदा है। हरियाणा में सीसीआई के 21 खरीद केंद्र हैं जिनमें अब तक कुल 50 हजार क्विंटल नरमे की ही खरीद हुई है केंद्र सरकार की एजेंसी सीसीआई खराब क्वालिटी का बहाना बनाकर नरमा नहीं खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नरमे का बीटी बीज महंगे दामों पर खरीद कर किसानों ने बिजाई की, पेस्टिसाइड व फर्टिलाइजर भी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त निर्मित कंपनियों के ही प्रयोग किये फिर भी नरमे की फसल गुलाबी सुंडी के भयंकर प्रकोप से बर्बाद हो गई है, जिससे नरमे की उपज बहुत कम हुई है।

### लिंगायत शीर्ष स्थान से बेदखल हो जाएंगे

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैयाके जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट को स्वीकार करने पर अड़े रहने के विपरीत वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा ने रविवार को संकेत दिया कि अगर इसे सार्वजनिक किया गया तो लिंगायत अब राज्य में सबसे बड़ा समुदाय नहीं रहेगा। शिवशंकरप्पा ने आरोप लगाया कि सर्वेक्षण दोषपूर्ण पद्धति अपनाकर किया गया है और इसे वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर नये सिरे से कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, डेटा वीरशैव लिंगायत की उप-जातियों जैसे सदर, बनजिगा, नोनाबा और अन्य के आधार पर संकलित किया गया है, इसलिए इस सर्वेक्षण में हमारी संख्या घट जाएगी। राज्य में लिंगायत निकाय के प्रमुख श्री शिवशंकरप्पा ने आरोप लगाया कि सर्वेक्षण से पता चला है कि वीरशैव लिंगायतों की आबादी लगभग 60-70 लाख है। हालांकि उन्होंने कहा कि समुदाय जाति सर्वेक्षण के खिलाफ नहीं है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी सर्वेक्षण का विरोध किया और वह इसके निष्कर्षों के खिलाफ वोक्कालिंगा नेताओं की एक याचिका पर हस्ताक्षर करने वालों में से एक थे।

### बीआरएस ने कांग्रेस की 50 साल की गरीबी को 10 साल में कर दिया खत्म :केसीआर

निर्मल (तेलंगाना)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य में एक दशक के भीतर कांग्रेस शासन से विरासत में मिली 50 साल की गरीबी को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। इस जिले के खानापुर में रविवार को प्रजा आशीर्वाद सभा नाम के एक चुनाव अभियान सभा को संबोधित करते हुए श्री केसीआर ने जनता को बीआरएस के तहत पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना में कांग्रेस शासन के 50 वर्षों के दौरान कल्याणकारी उपलब्धियों पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने मतदान पर निर्णय लेने से पहले ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक चर्चा के महत्व पर जोर दिया। केसीआर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बीआरएस सरकार के तहत, महत्वपूर्ण धन सृजन के बाद विभिन्न पेंशन योजनाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक बढ़ाया गया है।

### जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

पन्ना। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र अजयगढ़ के वन अमले द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। वन अधिकारियों के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आज शांति नगर अजयगढ़ के एक रिहायसी मकान में छापा मारकर जंगली सुअर के मांस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। लगभग तीन आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। जंगली सुअर के शिकार की घटना के संबंध में मुखबिर के द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी अजयगढ़ को सूचना दी गई थी कि कुछ लोगों के द्वारा रात्रि में जंगली सुअर का शिकार किया गया है। डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम के द्वारा घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें घर के अंदर जंगली सुअर का तीन किलो पका मांस और 10 किलो कच्चा मांस सहित एक सागौन की बुंगी, एक मोटर साइकिल और मास काटने में प्रयुक्त औजार मिला है। घर के पीछे भी मांस के टुकड़े पड़े मिले हैं।

# और चमकेगा 'तेजस' का तेज, मिग की कमी पूरी करेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

नई दिल्ली। (पी एम ए) तेजस का तेज अगले दो साल में चरणबद्ध रूप से सेवानिवृत्त होने वाले रूस निर्मित मिग विमानों की कमी पूरी करेगा। हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की लागत से 83 तेजस विमान खरीदने का करार कर चुकी वायुसेना अब लगभग 55 हजार करोड़ की लागत से तेजस मार्क-1ए के 97 विमान और खरीदने वाली है।

जिस स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी लड़ाकू विमान में सवार होने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बने, उसी तेजस का तेज अगले दो साल में चरणबद्ध रूप से सेवानिवृत्त होने वाले रूस निर्मित मिग विमानों की कमी पूरी करेगा। हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की लागत से 83 तेजस विमान खरीदने का करार कर चुकी वायुसेना अब लगभग 55 हजार करोड़ की लागत से तेजस मार्क-1ए के 97 विमान और खरीदने वाली है। वायुसेना के इस प्रस्ताव को रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की अगले सप्ताह प्रस्तावित बैठक में मंजूरी मिलने के आसार हैं। इन्हें मिलाकर वायुसेना के पास तेजस विमानों की संख्या 180 हो जाएगी। दो साल पहले हुए करार के अनुरूप तेजस की आपूर्ति अगले साल फरवरी से शुरू होने के आसार हैं।

### एचएएल से 97 और तेजस की खरीद को शीघ्र मंजूरी के आसार

रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि वायुसेना इन दिनों लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही है। मिग और पुराने हो रहे अन्य विमानों के फेजआउट होने के



कारण लड़ाकू विमानों की स्वीकृत 42 स्क्वाड्रन की जगह वायुसेना के पास 32 स्क्वाड्रन ही रह गई है। ऐसे में तेजस की खरीद में तेजी जरूरी है। केंद्र सरकार भी आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत इन विमानों के उत्पादन में तेजी लाने को प्रोत्साहन दे रही है। हाल ही तेजस के उन्नत संस्करण एलसीए एमके-2 के विकास के लिए नौ हजार करोड़ रुपए से ज्यादा मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी शनिवार को एचएएल परिसर की यात्रा के दौरान प्रगति की समीक्षा की। वायुसेना के खरीद प्रस्ताव को मंजूरी के बाद उत्पादन में और तेजी आने के आसार हैं।

### तीस को मिल सकती है मंजूरी

सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक संभवत: 30 नवंबर को होगी। इसमें 97 तेजस के अलावा 45 हजार करोड़ की लागत से 156 एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (90 थलसेना व 66 वायुसेना के लिए) की खरीद व नौसेना के लिए विक्रांत के बाद एक और विमान वाहक पोत के निर्माण की मंजूरी के प्रस्ताव भी रखे जाने की संभावना है। यहां मंजूरी के बाद ये प्रस्ताव रक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी के सामने अंतिम मंजूरी के लिए पेश किए जाएंगे।

### विदेशों की भी नजर

तेजस पर कई देशों की नजर है। हाल ही दुबई एयर शो में तेजस ने चीनी फाइटर जे-10सी व पाकिस्तान के जेएफ 17 थंडर ब्लॉक-3 से मुकाबला कर दुनिया का ध्यान खींचा है। इससे पहले मलेशिया, फिलिपींस, अर्जेंटीना, नाइजीरिया जैसे देश तेजस खरीदने में रूचि दिखा चुके हैं, लेकिन एचएएल की प्राथमिकता स्वदेशी जरूरत पूरी करना है।

### एक नजर तेजस पर

- 4 मई 2003 को तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने दिया नाम तेजस
- 1 जुलाई 2016 को हुआ वायुसेना में शामिल
- 'फ्लाइंग डैगर्स' बनी पहली स्क्वाड्रन
- मई 2020 में बनी दूसरी स्क्वाड्रन %फ्लाई बुलैट%
- फरवरी 2021 में एचएएल से 83 तेजस खरीद का करार

### ये है खासियत

- मल्टीमोड एयरबोर्न रडार
- हेलमेट माउंटेड डिस्प्ले
- सेल्फ प्रोटेक्शन सूट
- लैंडिंग-टेक ऑफ के लिए चाहिए बहुत कम जगह
- दुर्गम इलाकों में भी कर सकता है लैंडिंग

# बाइक सवार तीन दोस्तों की हुई मौत

## शादी समारोह से लौटते हुए डिवाइडर से टकराई बाइक, राहगीर ने पहुंचाया था अस्पताल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जहां दादरी थाना क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के कट पर बाइक सवार तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। इन युवकों की बाइक एक डिवाइडर से टकराई। जिसमें यह बुरी तरह से घायल हो गए और इन्हें गाजियाबाद के अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दरसअल बादलपुर थाना क्षेत्र के राम विहार कॉलोनी में रहने वाले शिवा (20), पीयूष (17) और रोहित तीनों




दोस्त शुक्रवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए परी चौक के पास गए थे।

शादी समारोह में शामिल होने के बाद यह तीनों अपाचे मोटरसाइकिल से वापस ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के रास्ते वापस आ रहे थे। करीब रात 12:00 बजे यह लोग ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से नीचे बील अकबरपुर कट से नीचे उतरने लगे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान इस हादसे में यह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शिवा और पीयूष 12वीं के छात्र थे

किसी राहगीर ने इन तीनों को तड़पते हुए देखा और उसके बाद इन तीनों को वह गाजियाबाद के जिला अस्पताल ले गया।

जहां पर डॉक्टरों ने शिवा व रोहित को मृत घोषित कर दिया ।वहीं से पियूष को भी घायल अवस्था में दिल्ली के लिए रेफर किया गया। जहां पीयूष की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शिवा और पीयूष 12वीं के छात्र थे। अस्पताल की तरफ से ही फोन करके उनके परिजनों को इस घटना की जानकारी दी गई।

इस मामले में दादरी पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे के बारे में पुलिस को कोई भी सूचना नहीं दी गई। गाजियाबाद जिला अस्पताल से मृतकों के परिजनों को जानकारी दी गई। फिलहाल इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# बीएसएफ ड्रोन से पिस्तौल और 5.3 किलो हेरोइन पकड़ी

नई दिल्ली। (पी एम ए) बीएसएफ जवानों ने रविवार को भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन कर पंजाब की सीमा में घुस आए एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। जवानों ने ड्रोन से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 20 भरे कारतूस और 5.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। पड़ोसी देश पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान सीमा पार से लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहा है, लेकिन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) हर बार मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। पंजाब में एक बार फिर पाकिस्तान की नापाक हरकत सामने आई है। सीमा सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने रविवार की सुबह भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन कर पंजाब की सीमा में घुस आए एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलियां चलाई और उसकी गतिविधियों को विफल कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ जवानों ने इलाके में सर्च अभियान चला रखा है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने पंजाब के अमृतसर जिले के चक अल्लाह बख्श गांव से पाकिस्तानी तस्करों द्वारा नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

### पी एम मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला

# 2 क्षेत्राधिकारी सहित 6 पुलिसकर्मी निलंबित

चंडीगढ़। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक के मामले को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार पंजाब पुलिस के एस.पी. को सस्पेंड करने के बाद अब 2 डी.एस.पी. सहित 6 पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। आपको बता दें कि डी.एस.पी. परसोन सिंह, जगदीश कुमार, दो इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर ओर एक ए.एस.आई. को भी सस्पेंड कर दिया गया है। पंजाब सरकार के आदेशों के बाद ये कार्रवाई डीजीपी गौरव यादव द्वारा की गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक 5 जनवरी, 2022 को हुई थी, जब वह फिरोजपुर के हुसैनीवाला जा रहे थे। उनके काफिले को रुकना पड़ा और बाद में प्रदर्शनकारियों द्वारा उनका रास्ता रोके जाने के बाद काफिले ने यू-टर्न ले लिया।

# महिला आरक्षण से विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी : मोदी

नयी दिल्ली। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले कानून की मंजूरी को भारतीय लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का एक उदाहरण बताते हुए कहा है कि इससे देश को विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी।

मोदी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम- मन की बात में रविवार को संविधान दिवस को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संविधान सभा के मनोनीत सदस्यों में 15 महिलाएं थीं। इनमें से एक हंसा महता जी ने महिलाओं के अधिकार और न्याय को आवाज बुलंद की थी। इस दौर में भारत



उन कुछ देशों में था, जहां महिलाओं को संविधान से मतदान का अधिकार दिया गया।

उन्होंने कहा, अब भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है।

यह अधिनियम हमारी लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है। यह विकसित भारत के हमारे संकल्प को गति देने के लिए उतना ही सहायक होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा राष्ट्र निर्माण में जब सबका साथ होता है तभी सबका विकास हो पाता है। मुझे संतोष है कि संविधान निर्माताओं के उसी दूर दृष्टि का पालन करते हुए, अब भारत की संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को पास किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश में डिजिटल तरीके से भुगतान के रुझान में तेजी युवाओं में प्रौद्योगिकी के सहारे नए विचारों पर काम करने और नवाचार की तरफ आकर्षण तथा स्वच्छता के प्रति जनता की सोच में बदलाव जैसे मुद्दों को भी रेखांकित किया।

उन्होंने जल संरक्षण के महत्व का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 21वीं सदी की बहुत बड़ी चुनौतियों में से एक है जल सुरक्षा की चुनौती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल का संरक्षण करना जीवन को बचाने से कम नहीं है। उन्होंने इसके लिए सामूहिकता की भावना से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि मिल-जुलकर काम करने से ही इसमें सफलता मिलेगी।

मोदी ने इस दिशा में हर जिले में अमृत सरोवर बनाने की केंद्र की योजना का उल्लेख किया।

# जम्मू कश्मीर में ज्यादातर स्थानों पर बारिश, हिमपात के आसार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में 29 और 30 नवंबर को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक 27- 28 नवंबर को अलग-अलग स्थानों तथा 29-30 नवंबर को बहुत से इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात होगी। आगामी 01 से 05 दिसंबर तक प्रदेश में आमतौर पर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

तापमान में मामूली सुधार के बावजूद कश्मीर घाटी में ठंड बरकरार है और रविवार को शुष्क मौसम के बीच श्रीनगर में डल झील सहित अलग-अलग स्थानों पर कोहरा छाया रहा।



बादल छाए रहने के कारण कश्मीर संभाग के कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में मामूली सुधार देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में आमतौर पर बादल छाए रहने और मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। श्रीनगर की डल झील समेत कश्मीर घाटी के अलग-अलग हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जिससे सामान्य गतिविधियां बाधित हुईं।

मौसम कार्यालय ने कहा कि कश्मीर संभाग के कई स्थानों पर 28 नवंबर तक हल्के से मध्यम कोहरा छाये रहने का अनुमान है।

श्रीनगर में पिछली रात के माइनस 1.0 डिग्री के मुकाबले रविवार को न्यूनतम तापमान 0.0डिग्री दर्ज किया गया। यह जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी के मौसम की इस अवधि के दौरान सामान्य से माइनस 0.1 डिग्री कम है।

पिछले दिन श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था और यह मौसम की इस अवधि के दौरान सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# हिमाचल के बद्दी में एक फाइनांस कंपनी ने की निवेशकों से लाखों रुपये की ठगी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के बद्दी में एक फाइनांस कंपनी ने निवेशकों से लाखों रुपये की ठगी की है। लोगों का आरोप है कि दो साल पहले यहां खुली सहर्ष निधि कंपनी ने उन्हें पैसा जमा कराने पर साल में छह फीसदी ब्याज देने की बात कही।

इसके अलावा 40 दिन तक आरडी जमा करने पर 10 हजार रुपये तक लोन देने का भी झांसा दिया। कोई 31 लोगों ने पैसा निवेश किया, लेकिन कंपनी चलाने वाले 12 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने पंजाब के खरड़ से एक आरोपी संचालक अतुल शर्मा को गिरफ्तार किया है।

बद्दी के थाना प्रभारी राकेश रॉय ने बताया कि पुलिस ने ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति बलजिंद्र और अन्य लोगों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार बद्दी के दावत चौक के समीप बिग बी एक सहर्ष निधि लिमिटेड कंपनी का कार्यालय करीब दो साल पहले खुला था।

# तेलंगाना में बीआरएस व कांग्रेस में गुप्त समझौता : शाह

एजेंसी

नारायणपेट (तेलंगाना)। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और विपक्षी कांग्रेस के बीच राज्य में दोनों पार्टियों के बीच अपने-अपने हितों की पूर्ति के लिए गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया।

शाह ने कहा,मौजूदा चुनाव में, बीआरएस और कांग्रेस के बीच एक गुप्त समझौता हुआ है। कांग्रेस बीआरएस का समर्थन करेगी, जिससे के.चंद्रशेखर राव की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी सुनिश्चित होगी। बदले में, बीआरएस लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन करेगी और पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में बढ़ावा देगी।

उन्होंने नारायणपेट जिले के मकथल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा,कांग्रेस के





लिए डाला गया कोई भी वोट प्रभावी रूप से बीआरएस को फायदा पहुंचाएगा। यदि आप केसीआर को हटाना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें।

आपका वोट न केवल आपके विधायक को चुनता है, बल्कि तेलंगाना के भविष्य को भी आकार देता है।

बीआरएस पर अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए, शाह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना, एक स्वीकृत डिग्री कॉलेज और बेरोजगारी भत्ते का वितरण जैसे वादों को पूरा करने पर सवाल उठाया।

शाह ने घोषणा की कि अगर राज्य में हमारी पार्टी सत्ता में आती है तो हम एक पिछड़े वर्ग (नेता) को मुख्यमंत्री नियुक्त करेंगे, मडिगा के लिए लंबवत आरक्षण प्रदान करेंगे और महिलाओं को चार मुफ्त सिलेंडर देंगे।

बीआरएस पर एमआईएम के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए श्री शाह ने एमआईएम चलाने वाले ओवैसियों के डर के कारण तेलंगाना मुक्ति दिवस का आयोजन नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।

उन्होंने 17 सितंबर को आधिकारिक तौर पर मुक्ति दिवस मनाने, मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत धर्म-आधारित आरक्षण रद्द करने और 22 जनवरी को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सुविधा में राम मंदिर के लिए प्राण प्रतिष्ठा आयोजित करने का वादा किया। उन्होंने तेलंगाना में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अयोध्या की मुफ्त यात्रा का भी वादा किया।

### मोबाइल चोरी को लेकर हुआ झगड़ा, भाई ने की भाई की हत्या

थाना अधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि गांव खेरली रेल स्थित जोगी मोहल्ला निवासी मानसिंह जोगी (65) का मोबाइल चोरी को लेकर अपने भाइयों से विवाद चल रहा था जो कि शनिवार देर रात तक शांत कराया गया। फिर वही विवाद दोबारा आज सुबह फिर उखड़ गया। आज एक राय होकर हाथो में लाठी डंडे लेकर आए और मान सिंह पर हमला कर दिया। जिसमे उसकी मौत हो गई।

परिवादी विष्णु ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता मान सिंह गैलरी में बैठे हुए थे और वह मशीन चला रहा था तभी मेरे ताऊ का लड़का सहित भोलू कालू राजेश ,बलजीत और कुछ महिलाओं ने एक राय होकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमला करने वालों में उसके ही परिवार के लोग और रिश्तेदार शामिल थे।

# केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

शिमला। मोदी सरकार की कियान, जन व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में 25 से 27 नवंबर के बीच प्रदेश सरकार सचिवालय छोटा शिमला पर हो रहे 'महापड़ाव' के पहले दिन सैंकड़ों मनरेगा, निर्माण मजदूरों व किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को सीटू राष्ट्रीय सचिव डॉ कश्मीर ठाकुर, किसान सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, विजेंद्र मेहरा, प्रेम गौतम, डॉ कुलदीप तंवर आदि ने सम्बोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू व हिमाचल किसान सभा के बैनर तले हिमाचल प्रदेश के सैंकड़ों मनरेगा व निर्माण मजदूर तथा किसान प्रदेश सरकार सचिवालय छोटा शिमला के बाहर लामबंद हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मजदूर किसान विरोधी मोदी सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करके ही देश की जनता के कष्टों की मुक्ति संभव है।

उन्होंने कहा कि यह तीन दिवसीय महापड़ाव मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हज़ार रुपये घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को रद्द करने, आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील योजना कर्मियों को नियमित करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ ही मनरेगा में 375 रुपये प्रति दिन की मजदूरी पर 200 दिन कार्य दिवस प्रदान करने, मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने, आउटसोर्स कर्मियों के लिए नीति बनाने, नौकरी से निकाले गए कोविड कर्मियों को बहाल करने, भारी महंगाई पर रोक लगाने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोकने, किसानों की कर्ज़ामुक्ति आदि मांगों को लेकर हो रहा है।

उन्होंने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमज़ोर करने के कारण बढ़ती मंहगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस, खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि हो रही है।

## शार्ट न्यूज

### 135 लोगों ने किया रक्तदान



**पूर्वी दिल्ली।** तीर्थंकर 1008 भगवान महावीर स्वामी जी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में जेके फाउंडेशन एवं श्री गोपाल गौशाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वी दिल्ली स्थित ज्योति नगर में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री श्री गोपाल राय मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। शिविर में कुल 135 लोगों ने रक्तदान किया और विभिन्न जांच सेवाओं का लाभ लिया। मुख्य अतिथि गोपाल राय ने शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव जीवन में सबसे बड़ा दान है। ये नर सेवा-नारायण सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस अवसर पर सर्व श्री विनोद कुमार जैन, राज सिंह वालिया, जय पाल सिंह, प्रीति जैन सुशील जैन, फिरोज़ मलिक आकाश, गोपाल वर्मा, विधायक गोपाल राय, एसीपी अभिषेक गुप्ता, निगम पार्षद मुकेश बंसल आदि अतिथि मौजूद रहे।

### गाजियाबाद में नोएडा पुलिस पर हमला

**गाजियाबाद।** नोएडा पुलिस पर रविवार शाम को गाजियाबाद में हमला हुआ है। पुलिस लूट-चोरी का मोबाइल ट्रेस करते हुए मसूरी थाना क्षेत्र के मसौता गांव में पहुंची थी। यहां रोडरेज के विवाद के बाद लोगों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट कर दी। गाड़ी में तोड़फोड़ करते हुए पुलिसकर्मियों से सरकारी पिस्टल छीन ली। हमले में चार पुलिस वाले चोटिल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद और नोएडा की पुलिस फोर्स मौके पर है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी (ग्रामीण) विवेक यादव ने बताया, नोएडा के थाना सेक्टर-63 की पुलिस गांव मसौता में रविवार दोपहर आई थी। पुलिस टीम गांव के अंदर एंट्री कर रही थी, तभी रास्ते से वाहन निकालने को लेकर उनकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। ये विवाद बढ़ गया और लोगों ने पुलिसकर्मियों की पिटाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मी सादा कपड़े पहने हुए थे, इसलिए लोग संभवत: उन्हें पहचान नहीं पाए। पुलिसकर्मियों से मारपीट हुई है। चार पुलिसकर्मियों को हापुड़ रोड पर रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। नोएडा पुलिस ने पिस्टल लूटे जाने की सूचना भी दी है। डीसीपी विवेक यादव ने बताया, गाजियाबाद पुलिस के एसीपी और मसूरी थाने की पुलिस मौके पर है। नोएडा में सेक्टर-63 थाने के एसएचओ को भी सूचना दी गई है। वो भी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गाजियाबाद में विवाह मंडप में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक विवाह मंडप में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों रुपए का नुकसान हो गया। दमकल की करीब 10 गाड़ियों ने बामुश्किल आग पर काबू पा लिया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, रात करीब तीन बजकर 34 मिनट पर फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना मिली कि डायमंड फ्लाईओवर के पास बने मार्शल महल विवाह मंडप में आग लग गई है। इस सूचना पर फायर स्टेशन कोतवाली से तुरंत दो दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। घटनास्थल पर जाकर देखा तो मार्शल महल के मंडप में फाइबर शीट जल रही थी। आग की विकरालता को देखते हुए दूसरे स्टेशनों से कुछ और दमकल गाड़ियां बुलवाई गईं। फायर फाइटर्स ने होजपाइप फैलाकर फाइटिंग करके समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक मंडप में लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। सीएफओ ने बताया, ये मंडप कविनगर क्षेत्र में गांव काजीपुरा निवासी इंद्रपाल सिंह का था। वो भी रात में ही मौके पर आ गए थे। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी है। फिलहाल आग लगने के कारणों की बारीकि से तफ्तीश की जा रही है।

### महिला को बेहोश कर बदमाशों ने लूटा कुंडल

गाजियाबाद। गाजियाबाद में महिला को बेहोश करके पैदल आए बदमाश कुंडल लूट कर फरार हो गए। महिला के साथ एक महिला और भी थी। लूट के बाद महिला बदहवास इधर से उधर भागती रही। पुलिस का कहना है कि मुकदमा लिखा जा रहा है। टीम गठित करके सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। मामला विजय नगर के प्रताप विहार चौकी क्षेत्र का है। टीचर कॉलोनी में हूरा नामक महिला से दो युवकों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर 65 हजार कीमत के सोने के कुंडल लूट कर फरार हो गए। पीड़ित महिला हुरा के साथ एक और महिला हसीना भी साथ थी। हसीना ने बताया कि दो युवक इन दोनों महिलाओं के पास आए और इन दोनों से बात करने की कोशिश करने लगे। तभी उनमें से एक व्यक्ति ने रुमाल निकालकर हुरा की तरफ किया। जिसके बाद हुरा बेहोश हो गई। साथ में हसीना महिला ने जब तक हुरा को संभाला तब तक वह दोनों व्यक्ति हुरा के कानों के कुंडल लेकर फरार हो चुके थे। हालांकि जिस जगह वारदात हुई वहां पर अलग-अलग सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं मगर कोई भी कैमरा चालू नहीं है। पीड़ित महिला के भतीजे इक़बाल ने बताया कि दिनदहाड़े उनकी चाची हुरा के साथ वारदात को अंजाम दिया गया। विजयनगर थाना प्रभारी अमित खारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। टीम गठित कर दी गई है।

### नवजात का शव मिला, हत्या का मामला दर्ज

सोहना। बादशाहपुर थाना क्षेत्र के दरबारीपुर रोड पर स्थित कबड्डी ग्राउंड में एक दिन के नवजात का शव पड़ा मिला। उसके गले पर कट के निशान पाए गए। लोगों की सूचना पर बादशाहपुर पुलिस, सीन आफ क्राइम टीम और डाग स्क्वॉयड ने मौके का मुआयना किया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। शुक्रवार सुबह सात बजे कुछ लोग कबड्डी ग्राउंड में सैर करने पहुंचे थे। इसी दौरान कूड़े के ढेर के पास पॉलीथिन में लिपटा एक नवजात का शव मिला था। सूचना पर बादशाहपुर थाना पुलिस पहुंची। उसने जांच के बाद डाग स्क्वॉयड और फारेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। जांच के बाद पता चला कि नवजात सिर्फ एक दिन का है। वहीं उसके गले पर कट के निशान पाए गए। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी इसके बारे में पूछताछ की। पुलिस आस-पास के अस्पतालों से यह जानने में जुटी है कि हाल ही में किन महिलाओं के प्रसव हुए हैं और उनका बच्चे कहां है। थाना प्रभारी बादशाहपुर इंस्पेक्टर सतीश देशवाल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल चुकी है। जल्द ही आरोपी तक पहुंचने का प्रयास है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालू लगाएंगे डुबकी

गाजियाबाद। कार्तिक पूर्णिमा पर गाजियाबाद के लाखों श्रद्धालू गंगा स्नान करेंगे। इसके लिए गढ़ मुक्तेश्वर और हरिद्वार जाने वाली गाड़ियों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। ज्योतिषों के मुताबिक कार्तिक पूर्णिमा को गंगा स्नान करने से जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। कार्तिक मास की पूर्णिमा सोमवार को है। ज्योतिषाचार्य आचार्य शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के व्रत का बहुत ही महत्वपूर्ण बताया गया है। भगवान विष्णु की पूजा इस दिन विशेष प्रभावशाली होती है। इस दिन कार्तिक मास समाप्त होने के साथ भीष्म पंचक भी समाप्त हो जाएंगे। इस दिन गंगा में स्नान करने से जन्म-जन्मांतर के पाप क्षय हो जाते हैं। 27 नवंबर को प्रात: काल कृतिका नक्षत्र है जो स्थिर योग बनाता है। यह 13: 34 बजे तक है। इसके पश्चात रोहिणी नक्षत्र आएगा। इस पवित्र योग में रोहिणी व्रत भी किया जाएगा। यह व्रत गणेश जी को प्रिय है। सौभाग्यवती महिलाएं इस व्रत को बड़े श्रद्धा से करती हैं। अपने पति की दीर्घायु के लिए व संतान की कामना के लिए यह व्रत किया जाता है।गंगा स्नान को लेकर भीड़गंगा स्नान पर श्रद्धालू की बसों में भीड़ देखी जा रही है।

# एनसीआर में दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित

## आज बारिश के आसार, सुबह से ही छाए रह सकते हैं बादल

नई दिल्ली। मौसमी बदलाव के बाद दिल्ली की हवा फिर से गंभीर हो गई है। रविवार को एनसीआर में दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 400 के करीब दर्ज किया गया जो बेहद खराब है। शनिवार के मुकाबले वायु गुणवत्ता सूचकांक सात अंक ज्यादा है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान का पूर्वानुमान है कि कल हवा की गति 4-16 किमी प्रति घंटे रह सकती है। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम सर्द होने के कारण प्रदूषण के कण वातावरण में फैल नहीं पाए। दिन में हल्की धूप जरूर खिली, लेकिन शाम ढलते हल्की ठंड ने प्रदूषण के स्तर को बढ़ा दिया। उम्मीद की जा रही है सोमवार को मौसम में बदलाव के बाद कुछ इलाकों में हल्की बारिश या



बूंदाबांदी हो सकती है। इससे प्रदूषण में गिरावट हो सकती है।

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक, रविवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा 08-04 किमी प्रति घंटे की गति से दक्षिण पूर्व व पूर्व दिशा से चली। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे। साथ ही धुंध से मौसम कुछ सर्द हुआ। मौसम में ठंडक के कारण स्थानीय प्रदूषण के कण आसमान में फैल नहीं पाए जिस कारण स्थिति खराब हुई। वहीं सोमवार को प्रमुख सतही हवाएं पूर्वोत्तर दिशा से आने की संभावना है। हवा की गति 4-16 किमी प्रति घंटे रह सकती है। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

बारिश के कारण तापमान में गिरावट के साथ प्रदूषण स्तर में सुधार की उम्मीद है। संस्थान के मुताबिक रविवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। सोमवार को भी स्थिति में ज्यादा सुधार की संभावना नहीं है। आशंका की जा रही है कि दिल्ली में अलग छह दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका है।

### आधी दिल्ली में गंभीर हुआ प्रदूषण स्तर

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर के साथ लगभग आधे केंद्रों पर एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आईटीओ पर 410, मंदिर मार्ग पर 407, पंजाबी बाग पर 442, नार्थ कैंपस में 419, नेहरू नगर में 430, पटपड़गंज में 436, अशोक विहार में 448, सोनिया विहार में 440, जहांगीरपुरी में 459, रोहिणी में 434, विवेक विहार में 450, ओखला में 410, वजीरपुर में 469, बवाना में 441, मुंडका में 435, आनंद विहार में 433 और बुराड़ी में 410 एक्यूआई दर्ज किया।

# भारत का संविधान और लोकतंत्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ : दयानंद वत्स भारतीय

**73वें संविधान दिवस पर 26/11के शहीदों को नमन करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति संकल्पबद्ध रहने की शपथ ली**



नई दिल्ली। राष्ट्र हितैषी समाज दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज दिल्ली के बरवाला गांव में 73वें संविधान दिवस पर 26/11 मुंबई हमले के शहीदों को नमन करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति संकल्पबद्ध रहने की शपथ ली। इस मौके पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि भारत का संविधान और लोकतंत्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। भारत की संवैधानिक व्यवस्था विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था है। कुछ निहित स्वार्थी लोग हर दिन अक्सर चिल्लाते रहते हैं की भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। जबकि सत्यता तो यह है कि ऐसे लोग लोगों में भ्रम फैलाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, संविधान और लोकतंत्र के नाम पर कुछ मुट्ठी भर लोग देश का अपमान करने से बाज नहीं आते। वत्स ने कहा कि संविधान ने हमें बहुत सारे मौलिक अधिकार दिए हैं। हमें अपने अधिकार तो अच्छी तरह से याद रहते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों को हम भूल जाते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों की शहादत तक को हम भूल जाते हैं। 26/11मुंबई हमले के दौरान शहीद हुए वीर जवानों को आज संविधान दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करता है। देश से हमेशा लेते रहने की लत छोड़कर देश को कुछ देने की सोच रखना भी आवश्यक है।

# ग्रेनो-वेस्ट में 50वें हफ्ते भी घर खरीदारों का प्रदर्शन जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घर ख़रीदारों का प्रदर्शन लगातार 50वें रविवार को जारी रहा। बड़ी संख्या में घर ख़रीदारों ने रजिस्ट्री की मांग, दिवालिया प्रोजेक्ट में आईआरपी की मनमानी और प्रोजेक्ट में काम शुरु करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि 50 रविवार से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी रजिस्ट्री और पजेशन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे हैं ।उनका प्रदर्शन इस रविवार भी जारी रहा। यह सभी लोग ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मूर्ति गोल चक्कर पर इकट्ठा हुए और हाथों में बैनर पोस्टर लेकर जमकर नारेबाजी की। नेफ़ोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनकर पांडे ने कहा है कि घर ख़रीदारों के प्रदर्शन का एक साल पूरा होना वाला है लेकिन नेताओं के घरों की रजिस्ट्री का भरोसा कब पूरा होगा ये पता नही है। उन्होंने कहा कि हम हर रविवार सरकार से अपनी गुहार लगाते हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है।

वही आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे राजकुमार, रोहित मिश्रा, चंदन सिन्हा, अनुपमा मिश्रा, अनुराग खरे, अनिल रात्रा, शशि भूषण ने कहा कि घर ख़रीदारों की अनदेखी आखिर कब तक होगी। एक साल पूरा होने को है और सरकार सिर्फ़ वादे कर रही है। ना तो रजिस्ट्री हो रही है उल्टे एनसीएलटी में गए इको विलेज 2 जैसे प्रोजेक्ट में अब आईआरपी मनमानी कर एक्स्ट्रा पैसा मांगने की फिराक में है।

विरोध प्रदर्शन में लगातार शामिल हो रहे रंजना भारद्वाज, संजीव सक्सेना, अनुपम मिश्रा, दीपक गुप्ता, डीके सिन्हा, पुरुषोत्तम कुमार, अमित दयाल, अतुल रंजन, शिरीष, आशुतोष, एलशॉय, पुनीत चौहान, अशोक श्रीवास्तव का कहना है कि रजिस्ट्री हो नहीं रही है। लगातार उनपर क़र्ज़ बढ़ता जा रहा है।

## पुलिस आयुक्त की फोटो लगाकर डीसीपी ईस्ट से मांगे गिफ्ट कूपन

गुरुग्राम। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की फोटो व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाकर डीसीपी ईस्ट से गिफ्ट कूपन मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। डीसीपी ईस्ट मयंक गुप्ता के रीडर एएसआई राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि डीसीपी ईस्ट के मोबाइल पर एक संदिग्ध व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हुआ। खाते से जुड़े प्रोफाइल फोटो में गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की फोटो प्रदर्शित हुई थी। इसमें एपल कोड/ वाउचर के रूप में धनराशि स्थानांतरित करने का अनुरोध था। संदिग्ध व्यक्ति ने लेनदेन के लिए एक यूपीआई आईडी प्रदान की थी। यह संदेश प्राप्त होने पर डीसीपी ईस्ट अनुरोध की वैधता की पुष्टि करने के लिए पुलिस आयुक्त गुरुग्राम के पास पहुंचे।

# जनता के आशीर्वाद से 'आप' एक राष्ट्रीय पार्टी बनी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना के 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आप पार्टी की स्थापना 26 नवंबर यानी आज ही के दिन 2012 में हुई थी। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम सब अपने मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लिखा, आज ही के दिन साल 2012 में देश के आम आदमी ने उठकर अपनी खुद की पार्टी 'आम आदमी पार्टी' की स्थापना की थी।

तब से लेकर आज तक इन 11 साल में बहुत उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आई, लेकिन हम सबके जज्बे और जुनून में कोई कमी नहीं आई



है। एक छोटी सी पार्टी को आज जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम सब अपने मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ते रहेंगे और जनता के लिए काम करते रहेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारत के इतिहास में पिछले 11 वर्षों में आम आदमी पार्टी को जितना निशाना बनाया गया है, उतना किसी अन्य राजनीतिक दल को नहीं बनाया गया है। 11 साल में हमारे खिलाफ झूठे मुकदमे दाखिल किए गए। देश की सभी एजेंसियों को आम आदमी पार्टी के पीछे लगा दी गई हैं। लेकिन उन्हें आज तक कोई सबूत नहीं मिला। यह हमारी ईमानदारी का सबसे बड़ा प्रमाण पत्र है। मेरा दिल भारी है, यह पहला स्थापना दिवस है जब मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह और विजय नायर यहां हमारे साथ नहीं हैं।

उन्हें झूठे मामलों के तहत जेल में डाल दिया गया है। भाजपा अन्य दलों के नेताओं को झूठे मामलों के माध्यम से झुकाना जानती है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि आप के साथ ऐसा कैसे किया जाए। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारा कोई भी विधायक न तो बिका और न ही टूटा।

# कोयला आधारित बिजली संयंत्र दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा रहे प्रदूषण, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** एक नए विश्लेषण के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में थर्मल पावर प्लांटों द्वारा उत्सर्जन मानकों का अनुपालन न करने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। पर्यावरण से जुड़े थिंक टैंक. सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट (सीएसई) ने दिल्ली-एनसीआर में 11 ताप ऊर्जा संयंत्रों (टीपीपी) से उत्सर्जित प्रदूषक तत्वों, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अध्ययन किया है। यह अध्ययन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की वेबसाइट पर मौजूद



अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक की उनकी पर्यावरणीय स्थिति रिपोर्ट पर आधारित है।

सीएसई में रिसर्च एंड एडवोकेसी की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 प्रदूषण में टीपीपी का योगदान लगभग आठ प्रतिशत है। यदि प्रदूषण के निरंतर स्रोत, जैसे कि थर्मल पावर प्लांट, उच्च स्तर पर प्रदूषकों का उत्सर्जन जारी रखते हैं तो दिल्ली-एनसीआर स्वच्छ वायु बेंचमार्क हासिल नहीं कर सकता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा नहीं कर सकता है।

सीएसई की रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा कई समय सीमा विस्तार और संशोधित वर्गीकरण के बावजूद, क्षेत्र के कई संयंत्र नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर के उत्सर्जन के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2015 में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए कड़े उत्सर्जन मानक स्थापित किए, जिनका दो साल के भीतर अनुपालन करना आवश्यक था।

बाद में इसने दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सभी बिजली संयंत्रों को पांच साल का विस्तार दिया, जो क्षेत्र के उच्च प्रदूषण स्तर के कारण अनुपालन के लिए 2019 तक दिया गया था।

# दुर्घटनाग्रस्त कारों के इंजन नंबर डालकर बेचने वाले पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वाहन चोरों के एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो दिल्ली से चुराई गई दुर्घटनाग्रस्त कारों के इंजन और चेसिस नंबर डालकर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की आठ कारें बरामद हुई हैं।आरोपियों में पुणे निवासी मंजीत सिंह, मुनीर खान और अब्दुल रहीम शामिल हैं। पहले आरोपी दुर्घटना-ग्रस्त कारों को मूल कागजात के साथ खरीदते थे। फिर स्मार्टी नाम के एक शख्स से उसी मॉडल की चोरी की कार खरीदकर उसके फर्जी कागजात तैयार कराते थे। गत 12 अक्तूबर को प्रसाद नगर थाने में कार चोरी होने की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांच में पता चला कि एक गैंग के कुछ सदस्य चोरी की कार को बेचने के लिए सुभाष नगर आएंगे, जिसके बाद पुलिस ने फॉक्सवैगन कार के साथ तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी अब्दुल रहीम ने खुलासा किया उसने 15 दिन पहले अपने सहयोगियों के साथ कार की डिलीवरी वाहन चोर स्मार्टी से ली थी। इस कार को महाराष्ट्र भेज दिया था। वे सभी महाराष्ट्र में पुराने स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। बीते एक साल में यह स्मार्टी से 20 से 25 चोरी की कार ले चुके थे।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर प्रदर्शन

## मेट्रो नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर दो अलग-अलग जगह पर स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। एनएमआरसी द्वारा प्रस्तावित मेट्रो रुठ को निरस्त करने से नाराज होकर सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी की। इस दौरान लोगो ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एकमूर्ति गोल चक्कर और गौर सिटी गोल चक्कर पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी इकट्ठा हुए और उनके द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सभी लोगों ने जमकर नारेबाजी की। मेट्रो नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाकर इन लोगो ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने स्थानीय नेताओं पर लॉलीपॉप देने का आरोप लगाया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अन्नू खान ने कहा कि चुनाव से पहले हमारे नेता मेट्रो का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद भूल जाते है। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 5 लाख से ज्यादा लोगों की आबादी रहती है, लेकिन यहां पर आज तक मेट्रो नहीं आई है। चुनावी बातें में हर बार मेट्रो का जिक्र किया जाता है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही वह वादा भी खत्म हो जाता है। दीपांकर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से हम मेट्रो का इंतजार कर रहे हैं। जब भी चुनाव आते हैं, उससे पहले मेट्रो की घोषणा कर दी जाती है। विधानसभा चुनाव से पहले भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो की घोषणा की गई थी। इसको लेकर सर्वे भी किया गया, लेकिन अचानक दो दिन पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट से मेट्रो के प्लान को रद्द कर दिया गया।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

**सोहना।** बादशाहपुर थाना क्षेत्र में एचएसआईआईडीसी की जमीन पर अतिक्रमण करने के प्रयास का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची विभागीय टीम के साथ अतिक्रमणकारियों ने अभद्र व्यवहार किया है। सहायक प्रबंधक के बयान पर बादशाहपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एचएसआइआइडीसी के सहायक प्रबंधक ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने शिकायत में कहा कि उद्योग विहार के सेक्टर-35 में यह जमीन खसरा 10 की 17/25 है। इस जमीन पर नरसिंहपुर गांव के जितेंद्र ने अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने का प्रयास किया। 21 सितंबर को एचएसआइआइडीसी के अधिकारी इस जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे।

# राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन को उनकी 102वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित मुख्यालय बरवाला में सहकारिता आंदोलन के शिखर पुरुष डॉ. वर्गीज कुरियन की 102वीं जयंती पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि डॉ.वर्गीज कुरियन का जन्मदिन भारत में हर साल राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रुप में मनाया जाता है। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि डॉ. वर्गीज कुरियन भारत में श्वेत क्रांति के जनक थे।उन्होंने भारत में डेयरी उद्योग की स्थापना कर लाखों कृषि आधारित



लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। दुग्ध उत्पादन में आज भारत की आत्मनिर्भरता का श्रेय डॉ. कुरियन को ही जाता है। उनका सादगी भरा व्यक्तित्व ओर कर्मप्रधान कृतित्व हमारी युवा पीढी के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। आज उनके ही अथक संघर्षों की बदौलत अमूल दूध पीता है इंडिया। वत्स ने कहा कि भारत में दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता के कारण डेरी उत्पाद बड़ी संख्या में लोग इस्तेमाल में लाते हैं। दूध कुपोषण को जड़ से समाप्त करता है। डॉ. कुरियन ने इसकी अपार संभावनाओं और क्षमताओं को पहले ही जान लिया था कि भारत में दुग्ध उत्पादन से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और लाखों पशुपालकों को स्व-रोजगार भी मिलेगा।

डेरी उद्योग में महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा होने के कारण यह क्षेत्र महिलाओं की आर्थिक उन्नति का साधन बन सका। वत्स ने कहा कि सुबह जब सारा परिवार चाय या बच्चे दूध पिएं तब उनके सामने डॉ.वर्गीज कुरियन का जिक्र अवश्य करें ताकि भावी पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा ग्रहण कर सकें।

# गौतमबुद्ध नगर के उद्यमी लखनऊ उद्यमी महासम्मेलन में लेंगे हिस्सा

## उद्यमी महासम्मेलन में शामिल होंगे ग्रेटर नोएडा के उद्यमी मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे अपनी समस्याएं

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर के उद्यमी लखनऊ में होने वाले उद्यमी महासम्मेलन 2023 में हिस्सा लेंगे। इस दौरान यह लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात करेंगे। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच लखनऊ में 30 नवम्बर को होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेश के सभी उद्यमी शामिल होंगे। लखनऊ में 30 नवंबर को होने वाले उद्यमी सम्मेलन को लेकर नोएडा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने एक प्रेस वार्ता की ग्रेटर नोएडा के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को होने वाले उद्यमी सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने गौतम बुद्ध नगर के उद्योगों की समस्याएं रखेंगे।

## संपादकीय

# विश्व का महानतम ग्रन्थ है भारत का संविधान

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत दुनिया के सबसे विस्तृत और लिखित संविधान पर मजबूती से टिका हुआ है। यह देश की शासन व्यवस्था का आधार और पथ प्रदर्शक होने के साथ ही दुनिया की सर्वाधिक आबादी की अभिलाषाओं और आकाक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने के साथ ही देश की अनूठी सांस्कृतिक विविधताओं को भी प्रतिबिम्बित करता है। इसलिए यह ग्रन्थ विश्व की सर्वाधिक आबादी की आस्था का प्रतीक होने के कारण महाग्रन्थों में भी महानतम ग्रन्थ है। सर्वविदित है कि संविधान सभा ने हमारे संविधान को 26 नवम्बर 1949 को पारित किया था। भारत गणराज्य को यह अद्वितीय दस्तावेज देने का मुख्य श्रेय डा. भीमराव अम्बेडकर को तो जाता ही है, जिसके लिए देश उनका ऋणी रहेगा। लेकिन इस महान उपलब्धि के पीछे कई हस्तियों का योगदान है।

दरअसल संविधान की मसौदा समिति में कई प्रमुख व्यक्ति शामिल थे जिन्होंने दस्तावेज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मसौदा समिति के सबसे उल्लेखनीय विशेषज्ञों में पहला नाम डा अम्बेडकर का तो था ही लेकिन उनके साथ समिति में सर बेनेगल नरसिंग राऊ भी एक सदस्य थे जो कि एक सिविल सेवक और कानूनी विशेषज्ञ थे। उन्होंने कानूनी विशेषज्ञता और तकनीकी सलाह प्रदान करके मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों में कनैयालाल मानेकलाल मुंशी भी एक थे जो कि स्वतंत्रता सेनानी, लेखक और शिक्षाविद थे।

उन्होंने विशेषकर मौलिक अधिकारों से संबंधित चर्चाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी प्रकार प्रसिद्ध वकील अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर ने संघवाद, अल्पसंख्यक अधिकारों और राष्ट्रपति की शक्तियों पर बहस में योगदान दिया। राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों और मौलिक अधिकारों से संबंधित चर्चाओं में एन. गोपालस्वामी अय्यंगार का एक सदस्य के रूप में योगदान उल्लेखनीय था। इन विशेषज्ञों ने, मसौदा समिति के अन्य सदस्यों के साथ, एक व्यापक दस्तावेज बनाने के लिए कानून, राजनीति, सामाजिक मुद्दों और प्रशासन में अपनी विविध विशेषज्ञता का इस्तेमाल किया, जिसने स्वतंत्र भारत के शासन की नींव रखी।

संविधान 26 नवंबर, 1949 को बनकर तैयार हुआ था, जिसे कानूनी रूप से 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई थी और संविधान को तैयार करने में कुल 2 साल, 11 महीने और 18 दिन का वक्त लगा था। संविधान के मसौदे पर 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं।

सभी जानते हैं कि हमारा संविधान जब लागू किया गया था, तब इसमें 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियां थीं। इसमें कुल शब्दों की संख्या करीब 1,45,000 थी। फिलहाल इसमें प्रस्तावना के साथ 25 भाग, 12 अनुसूचियां और 448 अनुच्छेद हैं। संविधान में अक्तूबर 2021 तक 108 संशोधन हो चुके हैं। इसका मतलब है कि हमार संविधान देशवासियों की अभिलाषाओं को पूरा करने एवं समय के साथ कदमताल करने के लिए सबसे लचीला भी है।

विश्व का इतना विस्तृत संविधान लिखित होने के साथ ही यह हाथ से लिखा हुआ है और लिखावट भी अपने आप में कलाकारी का एक अद्वितीय नमूना है। संविधान की असली प्रतियां हिंदी और अंग्रेजी, दो भाषाओं में लिखी गई थीं जो देहरादून स्थित सर्वे ऑफ इंडिया प्रेस में छपी थीं। मूल प्रति आज भी भारत की संसद में हीलियम भरे डिब्बों में सुरक्षित रखा गया है। इस प्रति को अब नए संसद भवन में प्रतिस्थापित कर दिया गया है।

# बच्चों की हरेक स्तर पर टेस्टिंग और काउंसिलिंग जरूरी

राजधानी दिल्ली के वेलकम में एक नाबालिग लड़के ने दूसरे लड़के की हत्या कर दी. वह भी मात्र 350 रुपए की बिरयानी के लिए. वह भी एक-दो बार नहीं, पूरे 60 बार चाकू मार कर. इतने से जी नहीं भरा तो उसकी लाश के पास खड़े होकर डांस भी किया. उस लाश के सिर में ठोकर मारी. इस घटना ने दिल्ली ही नहीं, पूरे देश को हिला दिया है. राजधानी में नाबालिगों के अपराध में लिप्त होने के समाचार लगातार आ रहे हैं. हैरान करनेवाली बात यह है कि ऐसी घटनाएं अब एक निश्चित समय पर लगातार घट रही हैं. वेलकम की घटना का आरोपित जुवेनाइल पहले भी एकाधिक अपराधों में लिप्त रहा है. यह हमारे पूरे समाज प्रबंधन पर एक सवालिया निशान है.


वेलकम जैसी घटनाओं को देख-सुनकर बहुत कष्ट होता है कि मनोविज्ञान को कोई समझता नहीं है. हर व्यक्ति का अगर टेस्ट किया जाए तो बहुतेरे ऐसे मिलेंगे जिनमें दुख ज्यादा है, क्रोध ज्यादा है और कई में क्रोध के साथ हिंसा भी ज्यादा है. ऐसे बच्चों की अगर पहचान हो जाए तो उनकी काउंसिलिंग हो सकती है, उनके पैरेंट्स की काउंसिलिंग हो सकती है कि वे अपने बच्चे से कैसा और कब, किस तरह का व्यवहार करें. अगर इस बच्चे का पहले टेस्ट हुआ होता तो मां-बाप भी सतर्क होते और अगर स्कूल जाने लायक है तो शिक्षक भी सतर्क होते. वह कहां घूमता है, क्या करता है, किन लोगों के साथ रहता है, ये सब पता चल जाता.

जहां तक दिल्ली में नाबालिगों के लगातार अपराध में लिप्त रहने या दिल्ली के वैसे 19 शहरों में पहले स्थान पर आने का सवाल है, जहां जुवेनाइल क्राइम अधिक होते हैं, तो देखना होगा कि हमारे समाज में आर्थिक तौर पर कितनी भिन्नता है? जो बच्चे ये देखते हैं कि दूसरे बच्चे आराम और विलास की जिंदगी जी रहे हैं, उनमें क्रोध अधिक होता है. एक बात यह भी देखनी होगी कि जो बच्चे जुवेनाइल कोर्ट से सजा पाकर जुवेनाइल होम जाते हैं (यानी जो 18 से कम उम्र के हैं) क्या उनकी काउंसिलिंग होती है, क्या उनको ढंग से ट्रीट किया जाता है, या फिर केवल उनसे काम लिया जाता है, उनको वैसे ही ट्रीट किया जाता है, जैसा बड़े अपराधियों को? जुवेनाइल को रिफॉर्म करने की, सुधारने की जरूरत है.

वैसे, जिन जुवेनाइल में बहुत अधिक क्रोध है, जो काटा-पीटी, मारापीटी में रहते हैं, उनका अगर डीएनए देखें तो पाएंगे कि परिवार में उनके क्रोध की परंपरा है. क्रोध तो एक सामान्य मानवीय व्यापार है, लेकिन इतना क्रोध आ जाए कि किसी को लहूलुहान कर दें, मार दें, वह गुस्सा तो हमलोगों में नहीं आएगा. साथ ही, यह भी देखना होगा कि धनी परिवारों के लड़के भी क्रोधी हो सकते हैं. इसका पृष्ठभूमि से, धन से कोई लेनादेना नहीं है. तो, 18 से कम उम्र के बच्चे को जो भी सजा दें, वह रिफॉर्म करने की हो, कंडेम करने की हो. दिल्ली में सबसे पहले देखिए कि यह कितनी बड़ी है. कितना जनदबाव है, आर्थिक फर्क कितना है, हमारे घरों में ही जो काम करते हैं, वे भी तो तुलना करते हैं.

अब बिना घरों के बच्चे हैं, स्कूलों के बच्चे हैं, घरों के हैं, वे इधर-उधर डोलते रहते हैं. उनकी जांच नहीं होती, जो मैं बार-बार कह रही हूं. काउंसिलर और करते क्या हैं, वे बच्चों की पहचान ही तो करते हैं. फिर, सवाल है कि हमारी सरकार बच्चों के लिए क्या कर रही है? हम लोग पढ़ने-लिखने की बात करते हैं, क्रिएटिव आर्ट्स, पेंटिंग, संगीत आदि की बात ही नहीं करते. ये सब तो क्रोध को कम कर सकते हैं, इसके जरिए वे खुद को अभिव्यक्त कर सकते हैं, लेकिन सही रूट न मिलने के कारण बच्चे कुंठित हैं और वो अपनी कुंठा कहीं और निकालते हैं. मानसिक रोग का मतलब केवल पागलपन नहीं होता है, बल्कि जब आप खुद पर नियंत्रण न रख सकें, क्रोध में बिल्कुल विक्षिप्त हो जाएं, तो भी मानसिक रोग ही है.

# पहाड़ों पर विकास यानी प्रकृति विनाश को न्यौता



तनवीर जाफ़री

इस वर्ष ऐन दीपावली (12 नवंबर) के दिन जब पूरा देश इस पावन पर्व के जश्न में डूबा था,ठीक उसी दिन उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी ज़िले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिल्क्यारा नामक एक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में इस सुरंग निर्माण में लगे 41 श्रमिक बीच सुरंग में ही फंसे रहे। इस सुरंग का निर्माण उत्तराखंड के उत्तरकाशी में चार धाम परियोजना के तहत किया जा रहा है। श्रमिकों को सकुशल व सुरक्षित बाहर निकालने के लिये उच्चस्तरीय बचाव व राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक ने बचाव कार्य पर अपनी नज़र बनाये रखी। बचाव अभियान में एसडीआरएफ, बीआरओ, परियोजना से जुड़ी एजेंसी एनएचआईडीसीएल,राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिवादन बल, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और परियोजना का निर्माण करने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (एनएचआइडीसीएल) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) समेत विभिन्न एजेंसियां शामिल हुईं। एक पखवाड़े से भी अधिक चले इस राहत व बचाव अभियान में कई बार अलग अलग तरह की रुकावटें भी आईं। ड्रिलिंग के समय कई बार धातु रूपी अवरोध आये। यहां तक कि सुरंग बनाने वाली ऑगर मशीन तक ख़राब हो गयी जिसके चलते सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में दो सप्ताह से भी अधिक का समय लग गया। अंत में हैदराबाद से आई आधुनिक प्लाज़्मा मशीन को सुरंग में ड्रिलिंग के काम पर लगाया गया। बचाव अभियान चलने के अंतिम दिनों में एक पाइप के माध्यम से सुरंग में फंसे श्रमिकों तक ऑक्सीजन, दवाएं और खाने-पीने की चीज़ें पहुंचाई गयीं।

सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद एक बार फिर पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों तथा इनसे उपजने वाले संकटों पर बहस शुरू हो गयी है। पहाड़ों में सुरंग बनाना ही ज़रूरी है या इसके बिना भी विकास किया जा सकता है,भू वैज्ञानिक पर्यावरण के जानकार यह सवाल फिर पूछने लगे हैं। इस हादसे के बाद हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ सुरंग प्रधान राज्यों की सरकारों की भी नींदें खुली हैं। हिमाचल सरकार अब राज्य में निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट कराने की तैय्यारी में है। इसके तहत सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाने वाले चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग के अंतर्गत निर्माणाधीन सुरंगें भी सुरक्षा ऑडिट में शामिल रहेंगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार देशभर की लगभग 29 सुरंगों को सुरक्षा ऑडिट के लिये चिन्हित किया गया है। इनमें 12 सुरंगें केवल हिमाचल प्रदेश राज्य में ही हैं। लगभग 79 किमी लंबी इन सभी 12 सुरंगों की तकनीकी जांच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी अर्थात दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। हिमाचल सरकार यह क़वायद उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग धंसने के बाद ही करने जा रही है।



सुरंग निर्माण प्रक्रिया को चूँकि मैं ने बहुत क़रीब से देखा है, बल्कि व्यवसायिक रूप से इस प्रक्रिया का हिस्सा भी रहा हूँ इसलिये विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को पहुँचने वाले आघात से भी भली भाँति परिचित हूँ। आइये ऐसा ही एक अनुभव आज यहाँ सांझा करता हूँ। 1980-95 के दौरान हिमाचल प्रदेश में नाथपा झाखड़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट निर्माणाधीन था। इसके लिये प्राकृतिक रूप से अपने मार्ग पर बहने वाली सतलुज नदी की दिशा अस्थाई रूप से बदलनी थी जिसके लिये विभिन्न सुरंगें बनाई जा रही थीं। यह सुरंगें महानगरीय मेट्रो की तरह अगार मशीन से बनने वाली सुरंगें नहीं होतीं। यहां मिटटी के नहीं बल्कि कठोर से कठोर क़िस्म के पत्थरों के पहाड़ों में सुरंग बनाई जाती है। इसके लिये पत्थर के इन पहाड़ों के गर्भ में 15-20 फ़ुट के इस्पात के कई रॉड हाइड्रोलिक ड्रिल के द्वारा एक साथ अर्धाकार क्षेत्र में पहाड़ की छाती में डाल दिये जाते हैं। फिर इन्हें बाहर निकाल कर इनके द्वारा ख़ाली की गयी जगहों में विस्फ़ोटक भर दिया जाता है। उसके बाद सभी रॉड के विफ़ोटक भरे सुराख़ों को तारों के द्वारा एक दूसरे से जोड़ दिया जाता है। उसके बाद निर्माणाधीन सुरंग में मौजूद सभी कर्मचारियों को सुरंग से बाहर आने का निर्देश दिया जाता है।

उधर इसी निर्माणाधीन सुरंग के ऊपरी भाग से गुज़रने वाले मार्ग पर भी यातायात बंद कर दिया जाता है। सब कुछ सुनिश्चित करने के बाद रिमोट कंट्रोल द्वारा अधिकृत अधिकारी ब्लास्ट कर देता है। आप विश्वास कीजिये जिस समय यह विस्फ़ोट होता है उस समय कई किलोमीटर के इलाक़े में पहाड़ भूकंप की तरह कांपते हैं। ब्लास्ट की आवाज़ ऐसे प्रतीत होती है जैसे आसमान में भयंकर बम बलास्ट हुआ हो। और कई सेकेंड तक इस आवाज़ की ध्वनि-प्रतिध्वनि वातावरण में गूंजती रहती है। इस तरह के अनगिनत विस्फ़ोटों का सामना करने वाले इसी हिमाचल प्रदेश ने पिछले दिनों वर्षा ऋतु में तबाही के वह दृश्य देखे जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। जगह जगह भूस्खलन,बाढ़,बादल फटने,पुल टूटने, इमारतों के बहने व ढहने तथा जंगल के जंगल बह जाने जैसे दृश्य देखे गये। उत्तराखंड में भी जोशीमठ व कई अन्य इलाक़ों में न केवल भूस्खलन और बाढ़ आदि के मंज़र देखे गये बल्कि पहाड़ों के खिसकने उनमें दरार पड़ने की भी ख़बरें आईं। सैकड़ों लोगों के घरों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गयीं। तमाम लोग दहशत के चलते घर छोड़ने को मजबूर हुए।

और इस तरह की सभी ख़बरों के बाद हर बार यह बहस छिड़ी कि विकास के नाम पर पहाड़ों में सुरंगें बनाना या पहाड़ काट कर रास्ते चौड़े करना मुनासिब है भी या नहीं ? क्या सुरंग बनाये बिना चाइनीज़ तकनीक से पहाड़ों की खाइयों में ऊँचे से ऊँचे खम्बों को आधार बनाकर उनपर सड़क या रेल मार्ग नहीं बिछाया जा सकता ? सुरंगें बनाना और पहाड़ काट कर सड़कें चौड़ी करने का जो पारम्परिक तरीक़ा हमारे देश में अपनाया जाता है वह न केवल पर्यावरण के लिये हानिकारक है बल्कि इससे जान व माल की क्षति की भी पूरी संभावना बनी रहती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इंसान विकास के नाम पर स्वयं अपनी ही तबाही की पटकथा स्वयं लिख रहा है। कहीं बेतहाशा भू जल दोहन कर,कहीं अंधाधुंध पेड़ों की कटाई कर,कहीं धुंआ व प्रदूषण फैला कर ,कहीं प्लास्टिक व पॉलीथिन का अत्याधिक प्रयोग कर, कहीं सुरंगें बनाकर तो कहीं पहाड़ काट कर मनुष्य अपनी कथित विकास गाथायें लिख रहा है। परन्तु सच तो यह है कि ख़ास तौर पर पहाड़ों पर होने वाला विध्वंसात्मक विकास, विकास नहीं बल्कि यह प्रकृति के विनाश को न्यौता दिया जाना है।

# भारत की सनातनी, आध्यात्मिक विचारधारा ही देश को विश्व में अग्रणी बनाएगी

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है।

भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है।

यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो।

ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है।

## आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम

हर एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से जरा तिरछा मुस्कुरा देना तुमद्य

ये तो दिल की लगी है, न घबराना,
आंखों ही आंखों में मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे जीवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सूरज की रोशनी में,
भले रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

रातों के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
हमें राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

हमे देख छुपने की अदा बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से कई,दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राहों में अकेला,न छोड़ जाना तुम।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी ज़रूरी



दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग एक अहम भूमिका निभाता है। युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से किसी भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है। युवाओं को उच्चस्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान देना चाहिए।किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20-30 जबकि भारत में विशेष रूप से 65 प्रतिशत हिस्सा युवा हैं। किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, प्रबंधन और अन्यक्षेत्रों में विकासपर निर्भर होती है।। इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवा का सशक्तीकरण आवश्यक है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। आज इस विषय पर अलग अलग शब्द सीमा में हम आपके लिए कुछ निबंध लेकर आये हैं जिनके माध्यम से आप इस विषय को बेहतर ढंग से समझ पायेंगे। जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए इंधन जिम्मेदार होता है; ठीक उसी तरह युवा राष्ट्र के लिए है। यह राष्ट्र की प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है।किसी भी राष्ट्र को प्रौद्योगिकियों, शोध, विज्ञान, चिकित्सा, यानी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक के संदर्भ में प्रगति और विकास के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। जब युवा अपने प्रयासों के साथ ईमानदारी से यही काम करता हैं, तो इसे चिह्नित किया जाता है। भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जिन्हें यदि बेहतर तरह से पोषित किया जाये और अगर ये अपना प्रयास सही दिशा में लगाते हैं, तो यह देश पूरी दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बन जायेगा। चूंकि आज विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे युवा जब ऊर्जावान प्रेरित अभिप्रेरित होंगे तो उनके प्रदर्शन करने की क्षमता अनंत होगी। दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर नेल्सन मंडेला की कहावत की करें तो, उनकी एक ख़ूबसूरत कहावत है कि, आज के युवा कल के नेता हैं, जो हर एक पहलू में सही लागू होता है। युवा राष्ट्र के किसी भी विकास की नींव रखता है। युवा एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है, जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है।युवाओं की शक्ति राष्ट्र का सर्वांगीण विकास और भविष्य, वहां रहने वाले लोगों की शक्ति और क्षमता पर निर्भर करता है और इसमें प्रमुख योगदान उस राष्ट्र के युवाओं का है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर भारत की करें तो भारत लोकतंत्र की जननी है। देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा। वर्तमान समय की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि देशवासियों में भारतीयता की सामूहिक चेतना का पुनर्जागरण हुआ है। इसी सामूहिक चेतना के कारण भारत के विकसित राष्ट्र का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाला भारत पहला राष्ट्र है। आज समूचा विश्व भारत की तरफ गर्व और अपेक्षा से देख रहा है। वर्तमान कुशल नेतृत्व और त्वरित निर्णय शक्ति के कारण आज दुनिया के शक्तिशाली देश भी तमाम समस्याओं के समाधान के लिए भारत को मार्गदर्शक के तौर पर देखने लगे हैं।

राष्ट्र को विकसित बनाने में युवाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भागीदारी हो सकती है। आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। प्रधानमंत्री का भाषण आजादी के अमृत काल में युवाओं के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य करेगा।आज जब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं तो यह पिछले 75 वर्षों में देश के संकल्पों को पूरा करने वाले सभी लोगों के योगदान का स्मरण करने का अवसर है। साथ ही अमृत काल के आने वाले 25 वर्षों पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित भी करना है। तभी वर्ष 2047 में एक शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं की संख्या अन्य देशों से अधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केन्द्रित है। उनके अनुसार युवा देश के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें न कि केवल उसका एक हिस्सा बनकर रह जाएँ। सरकार द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय युवा नीति-2014 का उद्देश्य युवाओं की क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुसार उन्हें अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और इसके माध्यम से विश्वभर में भारत को उसका सही स्थान दिलाना है।युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें ज़िम्मेदार नागरिक के गुण और स्वयंसेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से युवा मामले विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वयित किया है। युवा देश की आबादी का सबसे जीवंत और संसाधन पूर्ण हिस्सा है, इनकी सामाजिक, आर्थिक विकास के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है । गरीबी से बाहर आने एव आजीविका विकास के लिए उनकी आंतरिक क्षमताओं को बाहर लाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिससे कि वे स्वस्थ एवं सार्थक जीवन यापन कर सकें । पीएम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो रोडमैप साझा किया, उसे धरातल पर उतारने की पहली जिम्मेदारी देश के युवाओं की है। कहते हैं, जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है।

साथियों बात अगर हम युवा भारत के संबंध में माननीय पीएम के विचारों की करें तो, उन्होंने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। विकसित भारत की इस संकल्पना को साकार रूप देने में युवा आबादी की अहम भूमिका होगी। इस भूमिका के लिए युवाओं को तैयार करने का बीड़ा शिक्षा मंत्रालय ने उठाने का फैसला किया है। इस मिशन के लिए शिक्षा मंत्रालय युवाओं को दो तरह से तैयार करेगा।

एक तो उन्हें विकसित भारत मिशन के लिए जागरूक मानवीय शक्ति के रूप में निखारा जाएगा। दूसरा, इस लक्ष्य में उनकी सलाह लेकर उन्हें समूची प्रक्रिया में शामिल कर उन्हें इस मिशन के प्रभावी सक्रिय तत्व के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

नई दिल्ली
सोमवार 27 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के चलते तीसरे दिन प्रभावित रहा ट्रेनों का संचालन

**मेरठ।** (पी एम ए) पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन के चलते रेल संचालन तीसरे दिन भी प्रभावित रहा है। सुपर और गोल्डन टेंपल को एक्सप्रेस रद्द कर दिया गया है। पंजाब में किसान आंदोलन के चलते दूसरे दिन रेल संचालन प्रभावित रहा। दिल्ली से जालंधर के बीच चलने वाली जालंधर इंटरसिटी सुपर एक्सप्रेस शनिवार को रद्द रही। जबकि मुंबई सेंट्रल से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस अमृतसर दिल्ली के बीच रद्द कर दी गई। ट्रेन को आज रविवार को भी नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन तक ही चलाया जाएगा। आगे अमृतसर तक ट्रेन का संचालन नहीं हुआ। वापसी में ट्रेन निजामुद्दीन से मुंबई सेंट्रल वापस लौट गई। ट्रेन को अमृतसर दिल्ली के बीच रद्द किया है। जिससे मेरठ के यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। जिन यात्रियों का आरक्षित टिकट मेरठ से था, उन्हें यात्रा के लिए अन्य ट्रेनों से नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर पहुंचना पड़ा। पुरी से चलकर ऋषिकेश जाने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 8 घंटा देरी से मेरठ में पहुंची। लखनऊ में स्टेशन पर कार्य चलने के कारण नौचंदी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से साढे तीन घंटा देरी से मेरठ पहुंची। ट्रेनों के लेट होने और रद्द होने के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## बांदा : खेत में सो रहे युवक को मारी गोली

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बबेरू थाना क्षेत्र में रविवार को तड़के खेत में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर समस्त पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि भदेहदू गांव के हार में रविवार को तड़के यह घटना उस समय हुई, जब जितेंद्र (25) नामक युवक अपने भाई रोहित के निकट खेत में सो रहा था। इसी दौरान गांव के ही राम मिलन नामक कथित युवक ने जितेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसे गोली मारते हुए मृतक के भाई ने देख लिया। घटना के बाद राम मिलन मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस ने सर्विलांस व फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड द्वारा घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षक कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना का मुकदमा पंजीकृत कर नामजद राममिलन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना का कारण खेत में बकरी चराने को लेकर हुआ विवाद बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार घटना की विस्तृत छानबीन जारी है, जिसमें मिले साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अडाणी ग्रुप के गोदाम में भीषण आग

सहारनपुर। सहारनपुर में अडाणी ग्रुप से जुड़े गोदाम में भीषण आग लगी है। शनिवार-रविवार की रात करीब एक बजे आग की लपटें उठीं। 12 घंटे तक आग बुझाई नहीं जा सकी है। 6 जिलों के फायर फाइटर्स पहुंचे। फायर बिग्रेड की 12 गाड़ियां कई राउंड पानी लेकर पहुंचीं। टीन में घी, तेल रखें हैं जो आग की गर्मी पाकर ब्लास्ट होते रहे। बेहट रोड स्थित रसूलपुर में यह गोदाम है। यहां फॉर्चून समेत कंपनी के अन्य प्रोडक्ट रखे हैं। पूरा गोदाम करीब 7 बीघे में बना है। गोदाम में आटा, चीनी, तेल, रिफाइंड और अन्य सामान भरे थे। यहां से उत्तराखंड और वेस्ट यूपी में सप्लाई की जाती थी। आसपास घनी आबादी बसी है। आग लगने से आसपास की कॉलोनी में भी धुआं हो गया है। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आसपास के 50 से ज्यादा मकानों के लोग घर छोड़कर कुछ दूरी पर चले गए हैं। ताकि, धुआं से परेशानी न हो। चीफ फायर ऑफिसर प्रताप सिंह ने बताया कि रात लगभग एक बजे आग लगने की सूचना मिली। आग बहुत ज्यादा थी। ऐसे में लखनऊ हेडक्वार्टर और कप्तान से बात की गई। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, अमरोहा, बिजनौर की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंच गईं। टीन का स्ट्रक्चर था जो आग लगने पर पूरा गिर गया है। टीन शेड को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गई है।

## तेज बाइक चलाने से रोका तो मार डाला

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में शनिवार को शोहदों ने एक दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। दुकानदार ने उन्हें तेज बाइक चलाने से मना किया तो बहस हो गई। देर शाम को शोहदे सिगरेट पीने के बहाने दुकान पर आए। कुछ देर रुके और गोली मारकर फरार हो गए। जिस इलाके में वारदात हुई वहां बीजेपी के 2 विधायकों के घर हैं। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने शोहदों की पहचान कर ली है। अब उनकी तलाश की जा रही है। घटना क्वार्सी थाना क्षेत्र के सुरेंद्र नगर में हुई है। सुरेंद्र नगर में रहने वाले अशोक गुप्ता (62) अपने घर के बाहर ही परचून की दुकान चलाते थे। नीचे उनकी दुकान थी और ऊपर की मंजिल पर उनका परिवार रहता है। दिन में उनका दिव्यांग बेटा इस दुकान पर बैठता था और शाम को वह खुद दुकान का काम देखते थे। शनिवार देर शाम को वह अपनी दुकान पर बैठे थे। उनकी दुकान पर उनका भतीजा भवतोष (साढू का बेटा) भी उनके साथ बैठा था। इसी दौरान वहां से कुछ युवक बुलेट बाइक से लगातार हार्न बजाते हुए, तेज रफ्तार से गुजरे। युवक लगातार गली के चक्कर लगा रहे थे। भवतोष ने उन्हें रोका और तेज बाइक चलाने से मना किया। उसने यह भी कहा कि अगर वह नहीं मानेंगे तो पुलिस को शिकायत करेगा। अशोक गुप्ता ने भी एतराज जताया। जिस पर युवकों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी।

## ललितपुर में मजदूर की संदिग्ध मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर शराब में जहर मिला कर पिलाने की आशंका जताई है। थाना मदनपुर अंतर्गत ग्राम परसाटा निवासी 40 वर्षीय भारत सिंह पुत्र देवी सिंह शनिवार की रात घर के पास में स्थित पड़ोसी के घर मे आयोजित हुए धार्मिक कार्यक्रम में गया हुआ था, जहां से वह रात 10 बजे के दरम्यान अपने बाड़े में पहुंचा ही था, अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने उसे उठाया और चारपाई पर लिटाया, लेकिन जब तक उसकी मौत गई थी। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई ने बताया कि भारत सिंह चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था और उसकी पांच पुत्रियां व एक पुत्र है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। उसने गांव के ही चार लोगों पर शराब में जहर मिला कर पिलाने की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष मदनपुर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**अयोध्या।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचने लगे हैं। रविवार यानी 26 नवंबर को दोपहर 3ः11 मिनट से स्नान शुरू हो चुका है। अब तक करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह स्नान 27 नवंबर की दोपहर 2ः36 मिनट तक चलेगा। उदया तीर्थ के चलते सोमवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु सरयू में डुबकी लगाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर डीएम और एसएसपी ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, स्नान एवं सुरक्षा को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने एसएसपी राजकरन नैय्यर के साथ कार्तिक पूर्णिमा मेला को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत मेला से राम की पैड़ी, सरयू स्नान घाटों, लता मंगेशकर चौक सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुराने सरयू पुल से राम की पैड़ी/सरयू आरती स्थल पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को पहुंचने के लिए और वहां से निकलने के लिए अधिक से अधिक चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराने के संबंध में एक्सईएन सरयू नहर खंड को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया, अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को सुविधाएं आसानी से मिले इसके लिए तेजी से काम चल रहा है। निर्माणाधीन धर्मपथ, राम पथ, सुग्रीव पथ, जन्मभूमि पथ सहित विभिन्न पथों के चौड़ीकरण से यात्रियों के आवागमन की काफी सुगमता आई है।

# काशी में आज मनाई जाएगी देव दीपावली

**12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी योगी सरकार, गाय के गोबर से बने एक लाख दीप भी सजेंगे**

**वाराणसी।** काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर जब दीपों की माला पहने हुए मां गंगा का श्रृंगार होता है तो अद्भुत छठा होती है। ऐसा लगता है कि आसमां से तारे जमीन पर उतर आए हैं। इस अलौकिक दृश्य को देखने बड़ी संख्या में भारतीय और विदेशी मेहमान यहां आते हैं। ये नजारा 27 नवंबर (सोमवार) को दिखेगा, जब खुद भगवान देव दीपावली मनाने स्वर्ग से काशी के घाटों पर उतरेंगे। योगी सरकार देव दीपावली को भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी। इनमें एक लाख दीप गाय के गोबर के बने होंगे। साफ़ सफाई करके तिरंगा स्पायरल लाइटिंग से शहर व घाट सजाए गए हैं। देव दीपावली पर 8 से 9 लाख पर्यटकों के आने का अनुमान है। सुरक्षा के भी कड़े इंतज़ाम किये जा रहे हैं। इस बार देव दीपावली देखने के लिए 70 देशों के राजदूत,



डेलीगेट्स और परिवार के लोग आ रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मेहमान देव दीपावली देखेंगे।

### गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन होंगे

उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर 85 घाटों की श्रृंखला पर इस साल योगी सरकार की ओर से 12 लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग 21 लाख से अधिक दीप काशीवासी घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए जाएंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन होंगे। काशी के घाटों की इस अद्भुत दृश्य को देखने देश विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस, नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज़ लगभग पहले से बुक व फुल हो गए हैं। योगी सरकार चेत सिंह घाट पर लेजर शो कराएगी। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेज़र शो के माध्यम से जीवंत होती दिखेगी। पर्यटक गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद ले सकेंगे। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा 11 टन फूलों से सजाया जा रहा है। गंगा द्वार पर लेज़र शो के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी लेज़र शो के माध्यम से दिखाई जाएगी।

### सजावट और सुरक्षा के किये गए हैं पुख़्ता इंतज़ाम

देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं। रंगोली, फसाड लाइट व झालरों से सजावट किया गया है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतज़ाम रहेगा। ड्रोन उड़ान पर पूरी तरह ऱोक लगा दी गई है, जिले की सीमा पर भी चौकसी बरती जाएगी। घाटों पर वाच टावर से निगरानी रखी जाएगी। पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए अस्पतालों में बेड रिज़र्व कर चिकित्सकों की टीम को अलर्ट रखा गया है।

# कानपुर : गर्लफ्रेंड के विवाद में एमबीबीएस स्टूडेंट का मर्डर

एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर में रामा यूनिवर्सिटी कैंपस में एमबीबीएस छात्र की निर्मम हत्या कर दी गई है। बॉडी पर कट के कई निशान मिले हैं। सुबह जब सिक्योरिटी गार्ड हॉस्टल के बेसमेंट में पहुंचा, तो उसे खून से लथपथ शव मिला। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्र की हत्या गर्लफ्रेंड के विवाद में हुई है। साथी छात्र ने ही धारदार इस वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस ने हॉस्टल के कुछ लड़के और लड़कियों को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों ने हत्याकांड की तह तक पहुंच गई है। हालांकि अभी तक अफसरों ने कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है।

मृतक छात्र का नाम साहिल सारस्वत था। वह मथुरा के आशा मंडी का रहने वाला था। एमबीबीएस सेकेंड ईयर का स्टूडेंट था। वह ओल्ड बॉयज हॉस्टल के रूम नंबर-127 में रहता था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि 24 नवंबर को छात्र साहिल सारस्वत का बर्थडे था।

इसके पहले 21 नवंबर को साहिल ने कानपुर के माल रोड स्थित एक बार में पार्टी दी थी। इसमें 10 से 12 लोग शामिल हुए थे। साहिल के साथ पढ़ने वाली पांच लड़के और लड़कियां ही इस पार्टी में शामिल हुई थीं।

इस पार्टी का फोटो वायरल होने के बाद क्लासमेट ने पार्टी को लेकर दबाव बनाया था। इसके चलते 25 नवंबर को हॉस्टल में शराब और कबाब पार्टी का आयोजन किया गया था।

इस दौरान ऑनलाइन मटकी वाला नॉनवेज और शराब की कई बोतलें मंगाई गई थीं। शराब की पार्टी रात 2 बजे तक चल रही थी। इसके बाद छात्र साहिल की हत्या की गई।

## बागपत में डीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण


बागपत। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत का डीएम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में सभी सुविधाएं दुरुस्त मिलने पर डीएम ने सीएचसी में मौजूद स्टाफ की प्रशंसा की। अस्पताल में उपचार करने पहुंचे लोगों से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना और सीएचसी में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। वहीं, उन्होंने स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने वाले डॉक्टर की हौसलाफजाई की। डीएम बागपत जितेंद्र प्रताप सिंह ने शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मिलीं, जिस पर डीएम ने स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद डॉक्टर और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करना हम लोगों की जिम्मेदारी है, जिसे हम बखूबी पूरा करें। वहीं उन्होंने सीएचसी में इलाज कराने पहुंचे लोगों से बातचीत की और सीएचसी पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं की जमकर प्रशंसा की। डीएम बागपत जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। सभी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मिलीं। लगातार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शासन की मंशा के अनुरूप लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा किया जा रहा है।

# सर्विस बुक में जन्म- तिथि संशोधित नहीं की जा सकती : हाईकोर्ट

प्रयागराज। (पी एम ए) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कर्मचारी के सर्विस बुक में प्रथम बार दर्ज जन्म तिथि संशोधित नहीं की जा सकती।

फैसले में न्यायालय ने कहा कि भले ही जन्म तिथि को संशोधित कर सही कर दिया गया हो, परंतु नौकरी के समय सर्विस बुक में रिकॉर्ड की गई जन्मतिथि बाद में सर्विस बुक में संशोधित नहीं की जा सकती।

न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने झांसी जिले में प्राथमिक विद्यालय में नौकरी कर रही अध्यापिका श्रीमती कविता कुरील की याचिका को खारिज करते हुए यह निर्णय दिया है।



याचिका दाखिल कर अध्यापिका ने बेसिक शिक्षा अधिकारी झांसी के 19 अप्रैल 2023 के उसे आदेश को चुनौती दी थी जिसके द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने पूर्व पारित आदेश दिनांक 25 मई 2023 को वापस ले लिया था तथा यूपी रिक्रूटमेंट आफ सर्विस (डिटरमिनेशन आफ डेथ ऑफ़ बर्थ) रूल्स 1994 के नियम दो के तहत टीचर की सर्विस बुक में रिकॉर्ड की गई जन्मतिथि को संशोधित करने से मना कर दिया था।

याची टीचर की तरफ से उसके अधिवक्ता के एस कुशवाहा का कहना था कि याची का हाईस्कूल सर्टिफिकेट के अनुसार डेट ऑफ बर्थ तीन नवंबर 1967 है। इसे माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सर्टिफिकेट में अपनी गलती मानते हुए ठीक भी कर दिया है। ऐसी स्थिति में हाईस्कूल सर्टिफिकेट के आधार पर उक्त नियमावली के तहत याची अध्यापिका के सर्विस बुक में जन्मतिथि तीन नवंबर 1960 की जगह तीन नवंबर 1967 दर्ज किया जाए।

जबकि बेसिक शिक्षा अधिकारी झांसी की तरफ से अधिवक्ता रामानंद पांडेय का कहना था कि याची की नियुक्ति बतौर सहायक अध्यापिका वर्ष 2006 में औरैया में हुई थी। हाईस्कूल सर्टिफिकेट के अनुसार उस समय याची की उम्र तीन नवंबर 1960 दर्ज थी।

सर्टिफिकेट के आधार पर और उसमें दर्ज जन्मतिथि को आधार मानते हुए सर्विस बुक में तीन नवंबर 1960 जन्मतिथि दर्ज की गई।

# हाईवे पर प्रेमिका को काट डाला, खुद किया सुसाइड

**कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार, फिर चाकू से गोदा; लड़की की शादी होने से नाराज था**

**कानपुर।** कानपुर में जीजा के साथ बाइक पर जा रही लड़की को प्रेमी ने हाईवे पर रोका। फिर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से कई वार किए। जब कुल्हाड़ी टूट गई तो चाकू से गोदकर उसे मार डाला। इसके बाद मौके से फरार हो गया और जहर खा लिया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र के राणा गांव के सामने के ओवर ब्रिज की है।

सूचना मिलने के बाद सहायक पुलिस आयुक्त अजय द्विवेदी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वहां पर आसपास के गांवों के लोगों भी भीड़ भी जमा हो गई।



### युवती की शादी तय होने से नाराज था प्रेमी

बिल्हौर थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव के लवकुश कश्यप खेती-बाड़ी व मजदूरी करते हैं। उनके 4 बच्चे मिथुन, शरमन, रुबी और सन्नो में मिथुन और रुबी की शादी हो चुकी है। सभी में सबसे छोटी सन्नो की भी कुछ दिनों में शादी होने वाली थी। लोगों की माने तो पड़ोसी युवक सुरेश का युवती सन्नो (20) से 4 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी सुरेश पहले कपड़े की दुकान करता था, इस समय कुछ भी नहीं कर रहा था। युवक का प्रेमिका के घर से 100 मीटर दूरी पर घर है। परिजनों ने सन्नो की शादी दूसरी जगह तय कर दी थी। प्रेमिका की शादी तय होने से प्रेमी नाराज था। सन्नो अपने जीजा सनोज निवासी धमनी निवाड़ा और भतीजे राज के साथ अपनी दीदी रूबी के घर जा रही थी। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे।

### प्रेमिका की हत्या करने के बाद युवक ने भी खाया जहर

इसके बाद घर पहुंचने के बाद सुरेश उर्फ करण ने जहर निगल लिया। इस बीच घटना की सूचना मिलने के बाद आरोपी की तलाश कर रही पुलिस उसके घर पहुंची। युवक की हालत देखकर उसे इलाज के लिए बिल्हौर सीएचसी लेकर पहुंची। यहां से डॉक्टरों ने उसे कानपुर, हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

# मिट्टी की ढांग गिरने से 3-मजदूर दबे, 2 की मौत

**मेरठ।** मेरठ में रविवार की दोपहर निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट की खुदाई करते समय मिट्टी का ढांग गिरने से 3 मजदूर दब गए। जिससे अफरा-तफरी मच गई। वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने एक मजदूर को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि 2 की मिट्टी की ढांग में दबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम ? ? के लिए भेज दिया और ठेकेदार को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गई। हादसा गंगानगर थाना क्षेत्र के यू पॉकेट में हुआ।

जानकारी के अनुसार मोदीपुरम निवासी विवेक और रवि का गंगानगर के यू पॉकेट में निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स का काम चल रहा है। जिसका ठेका गाजियाबाद की कंस्ट्रक्शन कंपनी वैदिक को दिया है। रविवार को जेसीबी से बेसमेंट की खुदाई चल रही थी।

जहां पर 7 मजदूर काम रहे थे। जेसीबी से खुदाई के दौरान मिट्टी की ढांग तीन मजदूरों पर आकर गिरी। तीनों मिटटी की ढांग के नीचे दब गए। मजदूरों के मिट्टी में दबने से काम कर रहे मजदूरों ने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। मजदूरों ने अन्य लोगों की मदद से किसी तरह एक मजदूर को बाहर निकला। जिस मजूदर को बाहर निकाला गया है। उसकी पहचान बिहार के रहने वाला राम प्रसाद के रूप में हुई है।

# गोरखपुर में युवक की सिर कटी लाश मिली



**गोरखपुर।** गोरखपुर के एक युवक की हत्या कर फेंकी गई लाश कुशीनगर इलाके में मिली है। उसका धड़ तो झाड़ियों में मिला, लेकिन सिर गायब था। शरीर का अधिकांश हिस्सा कीड़े खा गए थे। जबकि, उसका जबड़ा लाश से कुछ दूरी पर पड़ा मिला है। वो गांव के ही एक युवक के साथ 18 नवंबर को घर से निकला था। तभी से वो गायब था। परिवार के लोगों ने उसकी किडनैपिंग का केस दर्ज कराया था। घटना पिपराइच इलाके के बसंतपुर गांव की है।

पुलिस 9 दिनों में उसकी तलाश भी नहीं कर सकी कि रविवार को उसकी लाश मिलने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज परिवार के लोग और ग्रामीणों ने पिपराइच- हाटा रोड पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पाते ही एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी और सीओ योगेंद्र सिंह सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। फिलहाल पुलिस नाराज ग्रामीणों को समझाने की कोशिश में जुटी हुई है।

दरअसल, पिपराइच इलाके के बसंतपुर गांव के रहने वाले संजय कुमार का बेटा राजू (17) बीते 18 नवंबर को घर से निकला। राजू की मां माधुरी देवी के मुताबिक, परिवार के लोगों ने उसे गांव के ही अर्जुन निषाद के बेटे के साथ साइकिल पर जाते हुए देखा। देर शाम अर्जुन का बेटा तो वापस आ गया। लेकिन, राजू घर वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल पर फोन करना शुरू किया तो उसका मोबाइल भी बंद मिला।

### पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया

इसके बाद परिवार के लोगों ने अर्जुन निषाद के बेटे से राजू के बारे में पूछना शुरू किया तो वो टाल- मटोल करने लगा। प ?रेशान होकर मां माधुरी ने पिपराइच थाने में अपने बेटे राजू के अपहरण का केस दर्ज कराया। उन्होंने उसी दिन पुलिस को दिए गए अप्लीकेशन में अपने बेटे के साथ किसी अनहोनी होने की आशंका जताई थी। लेकिन, आरोप है कि पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और परिवार के लोगों को थाने दौड़ाती रही।

## बलिया में डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

बलिया। बलिया में डीएम रविंद्र कुमार रविवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बने जिले के विभिन्न बूथ केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने बूथ केन्द्रों की संख्या, तैनात बीएलओ की संख्या, मतदाता सूची, कितने फार्म- 6,7,8 प्राप्त हुए, जेंडर रेशियो और बीएलओ के मूल पद की जानकारी ली। जिलाधिकारी सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय जीरा बस्ती पहुंचे। यहां पर बूथ संख्या चौबीस के बीएलओ ने बताया कि यहां पर उन्होंने फॉर्म छह के अंतर्गत कुल आठ आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें सात महिला और एक पुरुष का हैं और बूथ संख्या 23 पर फार्म 6 के प्राप्त 6 आवेदनों में चार महिला और दो पुरुष थे।

# मथुरा में इनामी बदमाश से हुई मुठभेड़

**गोली लगने से घायल हुआ लुटेरा; लूट का कंटेनर और पिस्टल बरामद**

मथुरा। मथुरा के थाना कोसी क्षेत्र में मथुरा पुलिस और नोएडा एसटीएफ की इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

### कोसी के इंडस्ट्रियल एरिया में हुई मुठभेड़

मथुरा के थाना कोसी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में इनामी बदमाश के होने की जानकारी नोएडा एसटीएफ को मिली। सूचना पर नोएडा एसटीएफ ने कोसी पुलिस के साथ मिलकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दविश दी। जहां शातिर बदमाश ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।



पुलिस और एसटीएफ को सूचना मिली कि शातिर बदमाश राहुल मेव उर्फ मैंगो पुत्र तैय्यब उम्र 25 वर्ष निवासी विशंभर थाना शेरगढ़ किसी ट्रक को लूटने के बाद इंडस्ट्रियल एरिया फेस 2 के पास मौजूद है। राहुल मेव पर मथुरा पुलिस ने 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया हुआ है।

### पुलिस को देखकर की फायरिंग

राहुल मेव के मौजूद होने की सूचना पर मथुरा पुलिस और नोएडा एसटीएफ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही राहुल ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें एक गोली उसके पैर में लग गई। गोली लगने से घायल हुए राहुल मेव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घायल अवस्था में गिरफ्तार करने के बाद पुलिस राहुल मेव को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां उसे इलाज के लिए भर्ती करा दिया।

# सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव के घर विजिलेंस की छापेमारी

**पूर्व विधायक पर दो दिन पूर्व आय से अधिक संपत्ति मामले में लखनऊ में केस दर्ज हुआ**

एजेंसी

**बहराइच।** सपा नेता और पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध लखनऊ में आय से अधिक संपत्ति मामले में केस दर्ज होने के बाद विजिलेंस टीम जांच करने बहराइच में उनके शहर और पयागपुर आवास पहुंची। टीम के पहुंचते ही भारी संख्या में पुलिस सुरक्षा के लिए मुस्तैद हो गई। कुल तीन टीम उनके घर पहुंचकर जांच कर रही है।

पयागपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक और सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव की मुश्किलें बढ़ गई है। मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध दो दिन पूर्व आय से अधिक संपत्ति मामले में लखनऊ में केस दर्ज हुआ है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में केस दर्ज होते ही विजिलेंस टीम भी हरकत में आ गई है। डीजी विजिलेंस के निर्देश पर तीन टीम ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।

विजिलेंस की एक टीम रविवार दोपहर में पयागपुर पूर्व विधायक के आवास पहुंची।

टीम के पहुंचते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। शहर में किसान डिग्री कॉलेज के निकट स्थित आवास पर भी एक टीम पहुंच गई। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में कई वाहन से पुलिस पहुंची। विजिलेंस टीम ने जांच शुरू की।

हालांकि जांच में क्या मिला और क्या हुआ। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पयागपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि टीम क्या कर रही है। इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। सुरक्षा मुहैया करा दिया गया है।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 526.4 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.04 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### भारत-यूएई व्यापार संबंधों ने नई ऊचाइंयों को छुआ : भारतीय राजदूत सुधीर

संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने रविवार को कहा कि सदियों पुराने भारत-यूएई व्यापार संबंधों ने नई ऊचाइंयों को छुआ है और अविश्वसनीय रूप से विस्तारित अवसरों में विविधता आई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समाधान तैयार किए गये हैं जो समावेशी होने के साथ वैश्विक हितों के अनुरूप हैं। सुधीर की टिप्पणी 27 नवंबर को दुबई में होने वाले 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के वार्षिक कार्यक्रम से पहले आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी। यह इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण है और इसका विषय है 'अनलीसिंग एंबिशंस'। सुधीर ने कहा, मौजूदा विश्व में, भारत-यूएई रणनीतिक साझेदारी बहुत बड़ी है। सदियों पुराने व्यापार संबंध नई ऊंचाइयों पर हैं और अविश्वसनीय रूप से विस्तारित अवसरों में विविधता आई है।'' भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो साल-दर-साल 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अप्रैल 2022-मार्च 2023 की अवधि में 85 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वर्ष 2030 तक दोनों देशों के गैर-तेल व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

### भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2040 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने को तैयार

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2040 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे वैज्ञानिकों को भी बेहतर कामकाजी माहौल मिलेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा व अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि 'एकेडी' जैसी कुछ विदेशी एजेंसियों ने अनुमान लगाया है कि यह आंकड़ा 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के पार भी पहुंच सकता है। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा, '' वर्तमान में हमारी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था बहुत प्रभावशाली नहीं है। अभी यह करीब 80 लाख अमेरिकी डॉलर ही है। हालांकि, हम बेहद तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं अकेले विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण मेंज्हमने यूरोपीय उपग्रहों के प्रक्षेपण से करीब 23 से 24 करोड़ यूरो और अमेरिकी उपग्रहों के प्रक्षेपण से करीब 17 से 18 अमेरिकी डॉलर कमाए हैं।'' भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के रॉकेट प्रक्षेपण की 60वीं वर्षगांठ समारोह का यहां शनिवार को उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि 'अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन' की स्थापना के साथ उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपस्थिति स्थापित की जा सकती है।

### चुनाव और प्रदूषण से घटेगी सीमेंट की मांग

पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान देश की सीमेंट मांग में लगातार दो अंकों की वृद्धि देखी गई है। इसे मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे पर खर्च से बढ़ावा मिला है। हालांकि डीलरों और उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि राज्यों में चुनाव, त्योहारी सीजन और कुछ बाजारों में शादी-विवाह तथा प्रदूषण मांग की इस रफ्तार को अस्थायी रूप से बाधित कर सकते हैं। हालांकि त्योहारी सीजन में आम तौर पर निर्माण गतिविधियों में नरमी देखी जाती है, लेकिन कुछ डीलरों का अनुमान है कि कई राज्यों में चुनाव के कारण यह नरमी पूरे महीने तक जारी रह सकती है। देश में अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सीजन के दौरान बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक अपने मूल गांव-नगरों में लौट जाते हैं, जिससे निर्माण गतिविधि की रफ्तार अस्थायी रूप से बाधित हो जाती है। हिमाचल प्रदेश के एक डीलर ने कहा 'दिवाली के दौरान श्रमिक उत्सव मनाने के लिए वापस चले जाते हैं, जिससे मांग धीमी हो जाती है, फिलहाल ऐसी ही चल रहा है।' देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता अदाणी सीमेंट के मुख्य कार्याधिकारी अजय कपूर ने कहा ने इस महीने की शुरुआत में विश्लेषकों को सूचित किया था कि पूर्वी भारत का बाजार वर्तमान में पूजा के बाद और दीवाली की अवधि से प्रभावित है। उन्होंने कहा 'मुझे उम्मीद है कि नवंबर और दिसंबर के बाद पूर्वी क्षेत्र आठ से 10 प्रतिशत की अपनी सामान्य मांग वृद्धि पर लौट आएगा।' हालांकि यह दर अब भी पहले की 15 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम होगी।

### टीवीएस मोटर अगले एक साल में इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड का विस्तार करने की बना रही है योजना

टीवीएस मोटर कंपनी का लक्ष्य अगले एक साल में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड का विस्तार करना है क्योंकि कंपनी कई कीमतों पर ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करना चाहती है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। चेन्नई स्थित कंपनी के इस खंड में अभी दो ई-स्कूटर हैं। वह भविष्य में अपने इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। यह एक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर भी विकसित कर रहा है। टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. एन. राधाकृष्णन ने कहा, '' हम अगले साल पांच से 25 किलोवाट की रेंज में उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करने की योजना बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि बाजार में मजबूत मांग के साथ, कंपनी ने इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब की उत्पादन क्षमता को प्रति माह 25,000 इकाई तक बढ़ा दिया है। आगे इसे और बढ़ाने की योजना है। टीवीएस ने मौजूदा तिमाही में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस एक्स की बिक्री शुरू करने की योजना बनाई है। राधाकृष्णन ने कहा कि टीवीएस एक्स घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में अहम भूमिका निभाएगा। इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के बारे में पूछे जाने पर राधाकृष्णन ने कहा, '' वह तैयार हो रहा है।'' उन्होंने कहा, '' कंपनी थ्री-व्हीलर खंड पर ध्यान केंद्रित कर रही है क्योंकि यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें सुधार की जरूरत है।''

# 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच बनेगा गीडा का स्थापना दिवस समारोह

## 800 करोड़ रुपये की निजी निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 34वां स्थापना दिवस समारोह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच भी बनेगा। इस अवसर पर सीएम गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 155 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ गीडा के कालेसर व्यावसायिक-आवासीय परियोजना को भी लांच करेंगे। देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि इस समारोह के न केवल साक्षी बनेंगे बल्कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में शामिल होकर निवेश की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे।

30 नवंबर (गुरुवार) को होने जा रहा गीडा का 34वां स्थापना दिवस समारोह कई मायने में खास होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुझाव पर यहां पहली बार चार दिवसीय उद्योग व व्यापार की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तो साथ ही बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीमती अनुज मलिक बताती हैं कि समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 3400 लोगों के लिए रोजगार सृजन भी होगा। ये सभी परियोजनाएं निजी क्षेत्र की हैं। साथ ही 500 करोड़ रुपये के निवेश और 3000 लोगों के लिए रोजगार सृजन वाली भावी परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा उद्यमियों को नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा।

एसडीएम गीडा, अनुपम मिश्रा के मुताबिक गीडा द्वारा अक्टूबर माह में औद्योगिक एवं व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन की योजना लाई गई थी। इस योजना में 22 औद्योगिक एवं 21 व्यावसायिक भूखंडों का आवंटन किया गया है।

आवंटन के बाद 500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। आवंटित किए गए भूखंडों में से 10 बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण गीडा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस तरह यह समारोह 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच बनेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गीडा के अलग-अलग औद्योगिक सेक्टरों में 155 करोड़ रुपये की अवस्थापना विकास परियोजनाओं (सड़क, नाली, पुलिया, बिजली आदि) का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे।

### 200 एकड़ में विकसित होगी महत्वाकांक्षी कालेसर परियोजना

गीडा के स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी कालेसर सेक्टर-11 में 200 एकड़ में विकसित होने वाली व्यावसायिक एवं आवासीय परियोजना की लांचिंग भी करेंगे। गीडा की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि इस परियोजना के पहले चरण में लगभग 80 एकड़ में व्यावसायिक योजना के तहत भूखंडों का विकास किया जायेगा। इसमें 10,000 वर्ग मीटर से लेकर 35,000 वर्ग मीटर तक के 13 भूखंड विभिन्न व्यावसायिक प्रयोजनों हेतु विकसित किए जाएंगे। दूसरे चरण में 120 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर का विकास किया जायेगा। इस योजना को विकसित करने में करीब 250 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्य कराए जाएंगे। इस परियोजना के लिए गीडा द्वारा जमीन का अधिग्रहण आपसी सहमति के आधार पर किया गया है, जिसमें करीब173 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है। कालेसर परियोजना गीडा की एक अत्यंत महत्वकांक्षी योजना है, जो गोरखपुर के जीरो पॉइंट पर स्थित है। इसकी कनेक्टिविटी एनएच-28, कुशीनगर राजमार्ग एवं सोनौली राजमार्ग से है।

### गीडा के सेवा पोर्टल को लांच करेंगे मुख्यमंत्री

गीडा में उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं हेतु ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से %गीडा सेवा% पोर्टल का शुभारम्भ योगी आदित्यनाथ, गीडा के स्थापना दिवस पर करेंगे।

सीईओ गीडा, अनुज मलिक ने बताया कि गीडा सेवा पोर्टल पर आवंटी अपने अद्यतन भुगतान की धनराशि व देयों की स्थिति ऑनलाइन देख और भुगतान कर सकेंगे। साथ ही इस पोर्टल पर भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु वांछित प्रपत्रों को संलग्न करते हुए मानचित्र स्वीकृति, भूखंडों के उत्पाद परिवर्तन, इकाई के उत्पादनरत घोषित किये जाने, संविधान परिवर्तन इत्यादि का ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

इसके अलावा आवंटी, गीडा द्वारा विकसित विभिन्न सेक्टरों की समस्याओं को भी प्रस्तुत कर सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक आवंटी को एक विशिष्ट यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर उनके द्वारा पोर्टल पर आवेदन किया जायेगा।

# वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर




मुंबई। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 175.31 अर्थात 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 65970.04 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.9 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19794.70 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 229.81 अंक 0.7 प्रतिशत उछलकर 33610.39 अंक और स्मॉलकैप 208.66 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 39807.29 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, पूरे सप्ताह घरेलू सूचकांक सकारात्मक रुझान के साथ एक दायरे में कारोबार करते रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने सतर्क रुख अपनाया तथा यूरोपीय और जर्मन बाजारों के नरम रुख का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। महंगाई कम होने और अमेरिका में हाल में जारी रोजगार आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में कमी ने विदेशी निवेशकों को उभरते बाजार की ओर आकर्षित किया है।

घरेलू बाजार में मुनाफावसूली का दबाव रहा। त्योहारी मांग में जोरदार उछाल के कारण टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी जैसे क्षेत्रों ने बढ़त हासिल की। हालांकि कमजोर वैश्विक रुख के दबाव में आईटी क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। साथ ही गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा असुरक्षित ऋण देने की आरबीआई की जांच के बावजूद बीते सप्ताह बैंकिंग सूचकांक का प्रदर्शन लचीला रहा।

इन वैश्विक और स्थानीय परिदृश्य के बीच अगले सप्ताह बाजार पर एफआईआई निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का बाजार पर असर रहेगा।

वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर ऑटो, रियलटी, यूटिलिटी और कमोडिटी जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण सोमवार को सेंसेक्स 139.58 अंक टूटकर 65665.15 अंक पर और निफ्टी 37.80 अंक फिसलकर 19694 अंक पर रहा। वहीं, विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, कमोडिटीज और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 275.62 अंक उछलकर 65930.77 अंक और निफ्टी 89.40 अंक चढ़कर 19783.40 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पावर, ऑटो, आईटी और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 92.47 अंक चढ़कर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66023.24 अंक और निफ्टी 29.40 अंक बढ़कर 19812.80 अंक हो गया।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत बारह समूहों में 1.22 प्रतिशत तक की तेजी वहीं आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत आठ समूहों में 1.13 प्रतिशत तक की बिकवाली के दबाव में गुरुवार को सेंसेक्स 5.43 अंक फिसलकर 66017.81 अंक और निफ्टी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19802 अंक पर रहा। इसी तरह विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी, तेल एवं गैस और टेक समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 47.77 अंक टूटकर 65970.04 अंक और निफ्टी 7.30 अंक फिसलकर 19794.70 अंक रह गया।

### शक्कर सस्ती, खोपरा बूरा, साबूदाना मजबूत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव कम हुए। खोपरा बूरा तथा साबूदाना महंगा बिका। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव सुधार लिए रहा जिससे भाव मजबूत रहे। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 4040 से 4080 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 4020 से 4060 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 03 से 04 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 95 से 120 रुपये खुलकर इसी स्तर पर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 260 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत ? खोपरा बूरा में कामकाज 2400 से 4050 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 200 रुपये प्रति 15 किलोग्राम महंगा होकर 2500 से 4000 रुपये बिका। साबूदाना में लिवाली सुधार लिए बताई गई इससे भाव ऊंचे रहे।

### दलहनों में मिश्रित रंगत, दालों में घटबढ़

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन कामकाज मिश्रित रंगत लिए रहा। मांग सुस्ती से चना कांटा, तुअर तथा उड़द के भाव मंदे बोले गए। दालों के भाव ऊपर नीचे हुए। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6375 से 6400 रुपये खुलने के बाद 6300 से 6350 रुपये होकर थमा। मूंग 9500 से 10000 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 8600 से 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9500 से 11800 रुपये खुलने के बाद ऊपर नीचे होते हुए 9000 से 10800 रुपये होकर थमी। उड़द 9200 से 9700 खुलने के बाद 9500 से 9550, मसूर 6150 से 6200 खुलकर 6100 से 6150 रुपये होकर बंद हुई। दालें मांग से ऊपर नीचे हुई। सप्ताहांत चना, तुअर, मूंग, उड़द दाल के भाव मिश्रित रंगत लिए रहे। रवा, मैदा, गेहूं का आटा तथा चना बेसन में लिवाली से मजबूती बताई गई।

### मूंगफली तेल महंगा, सोयाबीन रिफाइंड में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में पूछपरख से मूंगफली तेल महंगा बिका। सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल के भाव घटे। आवक कमी से तिलहनों में भाव ऊपर नीचे हुए। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1525 से 1550 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1560 से 1580 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ।सोयाबीन रिफाइंड 960 से 965 रुपये पर खुलकर 945 से 950 रुपये बिका। पाम तेल 905 से 910 रुपये खुलकर 895 से 900 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

# डीजीएफ़टी द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों को बढ़ावा देने पर कैट ने उठाए सवाल

नयी दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने हेतु देश भर के जिलों का लाभ उठाने के लिए ई-कॉमर्स खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफ़टी) की तीखी आलोचना की है।

कैट ने कहा कि यह विचार तो अच्छा है, लेकिन यह छोटे व्यवसायों और जिलों में स्थित निर्माताओं के हितों के लिए बहुत हानिकारक होगा क्योंकि यह आशंका है कि ई-कॉमर्स कंपनियाँ जिलों के छोटे व्यवसायों को अपने बिज़नेस मॉडल के अनुरूप अपने एकाधिकार के चंगुल में ले लेंगे।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने डीजीएफटी के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ई-कॉमर्स नीति और नियमों के अभाव में, यह कदम आत्मघाती साबित होगा और ई कॉमर्स कंपनियों के पहले से चले आ रहे अपवित्र बिज़नेस मॉडल को मज़बूत करेगा क्योंकि अब यह साफ़ हो गया है कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां देश के कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं। ऐसे में डीजीएफटी का उन्हें समर्थन उनके बिजनेस मॉडल को वैधता प्रदान करेगा।

गौरतलब है कि इन कंपनियों के खिलाफ़ सीसीआई और अन्य जांच एजेंसियों द्वारा काफी सवाल उठाए गये हैं और जाँच अभी भी लंबित है।

सर्वश्री भरतिया और खंडेलवाल ने आगे कहा कि हमें निर्यात के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून के दायरे में रह कर ही ई कॉमर्स कंपनियाँ काम कर रहा है या नहीं।

डीजीएफटी का यह कदम ई-कॉमर्स कंपनियों को ज़िला स्तर तक के उद्यमियों के महत्वपूर्ण डेटा सहित उनके व्यापार पर आधिपत्य जमाने के बड़े मौक़े देगा।

उन्होंने कहा कि ऐसी घोषणा करने से पहले, डीजीएफटी ने स्टेकहोल्डर्स के साथ कोई परामर्श नहीं किया और न ही बोर्ड ऑफ़ ट्रेड में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। खंडेलवाल बोर्ड ऑफ़ ट्रेड के सदस्य हैं।

कैट ने रविवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से ई-कॉमर्स नीति और नियमों को तुरंत लागू करने का आग्रह किया है जिसे ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लग सके। कैट ने श्री गोयल से यह भी आग्रह किया है कि नीति और नियम अधिसूचित होने के बाद ही डीजीएफटी के इस कदम को अमल में लाया जाए।

# दूध का उत्पादन 2022-23 में 23.06 करोड़ टन, ऊन के उत्पान में गिरावट जारी

नयी दिल्ली। पशुपालन क्षेत्र के बारे में सरकार की ओर से रविवार को जारी अनुमानों के अनुसार देश में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान दुग्ध उत्पादन करीब चार प्रतिशत बढ़ कर करीब 23.06 करोड़ टन रहा।

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला ने गुवाहाटी में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस कार्यक्रम के दौरान पशुपालन क्षेत्र के संबंध में 2022-23 के बुनियादी आंकड़े जारी किए। इनके अनुसार पांच वर्षों में दूध उत्पादन के वार्षिक स्तर में 22.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान अंडा और मांस के उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है पर देश में ऊन का उत्पादन लगातार गिर रहा है।

पशुधन पर एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (मार्च 2022-फरवरी 2023) पर आधारित पशुपालन करोबार के बुनियादी पशुपालन आंकड़ों के अनुसार ऊन उत्पादन का उत्पादन 2022-23 के दौरान 336.1 लाख किलोग्राम अनुमानित है जो पांच साल पहले की तुलना में करीब 17 प्रतिशत कम है। देश में ऊन उत्पादन में करीब आधा हिस्सा राजस्थान का है।

वर्ष 2018-19 में दूध उत्पादन 18.8 करोड़ टन था। वर्ष 2021-22 के मुकाबले 2022-23 के दौरान दूध उत्पादन 3.83 प्रतिशत ऊंचा रहा।

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022-23 के दौरान सबसे अधिक दुग्ध उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश था, जिसकी उत्पादन में हिस्सेदारी 15.72 प्रतिशत रही।

बर्ष के दौरान अंडा उत्पादन 138.38 अरब होने का अनुमान है जो 5 वर्ष पहले से्33.31 प्रतिशत ऊंचा है। अंडा उत्पादन में 20.13 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ प्रमुख योगदान आंध्र प्रदेश का रहा




रूपाला ने बताया कि 2022-23 के दौरान देश में मांस उत्पादन 97.7 लाख टन होने का अनुमान है

भारत में दूध, अंडा, मांस और ऊन के उत्पादन का अनुमान वार्षिक एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (आईएसएस) के परिणामों के आधार पर लगाया जाता है, जो देश भर में तीन मौसमों -गर्मी (मार्च-जून), बरसात (जुलाई-अक्टूबर) और सर्दी (नवंबर-फरवरी) में आयोजित किया जाता है।

समीक्षाधीन वर्ष में कुल दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान (14.44 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (8.73 प्रतिशत), गुजरात (7.49 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश (6.70 प्रतिशत) का स्थान रहा। लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि दर कर्नाटक (8.76 प्रतिशत) में दर्ज की गयी। इसके बाद पश्चिम बंगाल (8.65 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (6.99 प्रतिशत) का स्थान रहा।

देश में 2022-23 में कुल 138.38 अरब अंडा उत्पादन में वर्ष 2018-19 के 103.80 अरब अंडों के उत्पादन की तुलना में33.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा, वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान उत्पादन में 6.77 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई । रूपाला ने बताया कि कुल अंडा उत्पादन में आंध्र प्रदेश के बाद तमिलनाडु (15.58 प्रतिशत), तेलंगाना (12.77 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (9.94 प्रतिशत) और कर्नाटक (6.51 प्रतिशत) का स्थान है। वार्षिक वृद्धि दर (एजीआर) के संदर्भ में पश्चिम बंगाल में (20.10 प्रतिशत) सबसे ऊपर रहा। उसके बाद सिक्किम (18.93 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (12.80 प्रतिशत) का स्थान रहा।

मांस उत्पादन वर्ष 2018-19 में 81.1 लाख टन की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में 97.7 लाख टन होने का अनुमान है जो 20.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज दर्शाता है। इसमें 2022-23 में इससे पिछले वर्ष से 5.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कुल मांस उत्पादन में 12.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश प्रथम रहा। उसके बाद पश्चिम बंगाल (11.93 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.50 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (11.20 प्रतिशत) और तेलंगाना (11.06 प्रतिशत) का स्थान है।

ऊन उत्पादन का उत्पादन 2022-23 के दौरान 336.1 लाख किलोग्राम अनुमानित है जो 2018-19 के दौरान अनुमानित 404.2 लाख किलोग्राम था। इस तरह ऊन के उत्पादन में 5 वर्षों में 16.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। हालाँकि, वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 में उत्पादन 2.12 प्रतिशत बढ़ गया है।

रूपाला ने बताया कि कुल ऊन उत्पादन में 47.98 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ राजस्थान का प्रमुख योगदान है, इसके बाद जम्मू-कश्मीर (22.55 प्रतिशत), गुजरात (6.01 प्रतिशत), महाराष्ट्र (4.73 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (4.27 प्रतिशत) का स्थान है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दाल और मीठे में तेजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं मांग निकलने से दाल-दलहन और मीठे के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 25 रिंगिट फिसलकर 3780 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.79 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 146 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सोया रिफाइंड में 73 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11135 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8133 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 150 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 1000 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल के भाव में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। सासाहांत पर गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

### सोना तथा चांदी में मजबूती

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 250 रुपये तथा चांदी 800 रुपये महंगी होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 62100 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 62350 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 73700 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 74500 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 62500 नीचे में 62100 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका।

## शार्ट न्यूज

### रश्मिका ने जीता अपना पहला आईटीएफ खिताब

बेंगलुरू। राष्ट्रीय चैम्पियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर अपना पहला आईटीएफ खिताब जीता। आज यहां बॉरिंग इंस्टीट्यूट कोर्ट में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में रश्मिका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत दर्ज करते हुए 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्ल्यूटीए अंक अपने नाम किये। देसाई को 2107 अमेरिकी डॉलर और 30 डब्ल्यूटीए अंक प्राप्त हुए। रश्मिका ने देसाई पहला सेट आसानी से 6-0 से जीत लिया। लेकिन सेट में देसाई ने वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद रश्मिका ने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली। देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया। निर्णायक मुकाबले में देसाई रश्मिका से 0-3 से पिछड़ रही।

### ईश्वरन की 141 रनों शतकीय पारी से बंगाल ने बड़ौदा को 95 रनों हराया

मुंबई। अभिमन्यु ईश्वरन की शानदार 141 रनों की शतकीय पारी की बदौलत शनिवार को बंगाल ने ग्रुप ई मुकाबले में बड़ौदा को 95 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी अभियान में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। 315 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बड़ौदा की टीम बंगाल के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के आगे 44.2 ओवर में सिर्फ 219 रन पर ढेर हो गई। आज यहां बंगाल ने बड़ौदा के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में आठ विकेट पर 314 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ईश्वरन ने 138 गेंदों में 141 रनों की पारी में 17 चौके लगाए। अभिषेक पोरेल ने 65 गेंदों पर 59 रन, अनुस्तुप मजूमदार ने 47 गेंदों पर 41 रन और प्रदीप्ता प्रमाणिक ने 14 गेंदों पर नाबाद 35 रन ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। बंगाल की ओर से करण लाल 43 रन पर तीन विकेट, प्रदीप्ता 46 रन पर तीन विकेट, मोहम्मद कैफ 26 रन पर दो विकेट, आकाश दीप 20 रन पर एक विकेट) और शाहबाज अहमद 40 रन पर एक विकेट ने शानदार प्रदर्शन किया। बंगाल अपने तीसरे ग्रुप ई मैच में सोमवार को तमिलनाडु से भिड़ेगा।

### शमी ने सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को बचाया

देहरादून। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक अच्छे व्यवहार वाले व्यक्ति के रूप में मिशाल पेश करते हुए नैनीताल में उनके सामने हुई सड़क दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्ति को बचाते हुए देखे गये। यह जानकारी उस समय सामने आयी जब शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह दुर्घटना पीड़ित की मदद करते देखे गये। दुर्घटना पीड़ित की कार पहाड़ी सड़क से गिर गई थी। वीडियो को कैप्शन देते हुए शमी ने कहा, वह बहुत भाग्यशाली है कि भगवान ने उसे दूसरी जिंदगी दी। उसकी कार मेरी कार के ठीक सामने नैनीताल के पास सड़क से नीचे गिर गई। हमने सुरक्षित रूप बाहर निकाल लिया। शमी क्रिकेट विश्वकप के समाप्त होने बाद नैनीताल में छुट्टियां मना रहे है। शनिवार को उन्होंने अपने आगे चल रही कार को ढलान से नीचे गिरते हुए देखा तो तुरंत अपनी कार रोकी और कार सवार को बचाने के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने व्यक्ति को कार से बाहर निकाला और उसे प्राथमिक उपचार दिया।

### मुंबई में शामिल हुए हार्दिक पंड्या

मुंबई। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते नजर आएंगे, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस सीजन में भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करेंगे। आईपीएल फ्रेंचाइजी कंपनियों ने अगले सीजन के लिए अपने रिटेन और रिलीज्ड खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। रविवार को रिटेन और रिलीज विंडो की आखिरी डेट थी। आरसीबी ने जोश हेजलवुड और वानिंदु हसरंगा, सीएसके ने अंबाती रायडू, केकेआर ने शार्दूल ठाकुर, उमेश यादव और लॉकी फर्ग्यूसन और एमआई ने जोफ्रा आर्चर को रिलीज किया है। इन सभी को 19 दिसंबर को होने जा रहे ऑक्शन में उतरना पड़ेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सबसे ज्यादा 12 खिलाड़ी और पंजाब किंग्स ने सबसे कम 5 खिलाड़ियों को रिलीज किया। इंग्लिश क्रिकेटर बेन स्टोक्स और जो रूट पहले ही खेलने से मना कर चुके हैं। गुजरात फ्रेंचाइजी के टॉप मैनेजमेंट से जुड़े एक सूत्र ने भास्कर को बताया कि दो-तीन दिन में पंड्या को लेकर ऐलान हो सकता है। वहीं, क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा है कि हार्दिक पंड्या को लेकर मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को डील साइन हो चुकी है।

### ब्रावो ने क्रिकेट से दूरी बनाने का ऐलान किया




वेस्टइंडीज के मिडिल ऑर्डर बैटर डैरेन ब्रावो ने रविवार, 26 नवंबर को इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लेने की घोषणा की है। ब्रावो को हाल ही में घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ घोषित हुई वनडे सीरीज की टीम में नहीं चुना गया था। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आखिरी बार फरवरी 2022 में इंटरनेशनल मैच खेला था। वर्ल्ड कप 2023 में वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं थी। टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स 2023 के मैचों में क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। टीम दो बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीती है। वहीं वेस्टइंडीज सबसे ज्यादा 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है। ब्रावो वेस्टइंडीज के लिए तीनो फॉर्मेट में क्रिकेट खेल चुके हैं। सबसे ज्यादा रन उनके बल्ले से टेस्ट क्रिकेट में निकले हैं। उन्होंने 56 मैचों में 44.86 की स्ट्राइक रेट के साथ 3538 रन बनाए हैं। वनडे में 122 मैचों में 3109 रन बनाए हैं।

### रश्मिका ने जीता अपना पहला आईटीएफ खिताब

मलागा, स्पेन। इटली के जानिक सिनर ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर नोवाक जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हरा दिया। शनिवार को यहां खेले गये डेविस कप सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को हराते हुए इटली को सर्बिया के साथ 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब इस मुकाबले का विजेता सिनर आज होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी से मुकाबला करेगा। जोकोविच और सिनर अंतिम युगल मुकाबले में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पर 6-2, 2-6, 7-5 से जीत के बाद सिनर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मैच था, हम इस प्रतियोगिता से बाहर होने से एक अंक दूर थे और हम अभी भी यहां हैं।

### सिनर ने जोकोविच डेविस कप जीत का सिलसिला तोड़ा



मलागा, स्पेन। इटली के जानिक सिनर ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर नोवाक जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हरा दिया। शनिवार को यहां खेले गये डेविस कप सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को हराते हुए इटली को सर्बिया के साथ 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब इस मुकाबले का विजेता सिनर आज होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी से मुकाबला करेगा। जोकोविच और सिनर अंतिम युगल मुकाबले में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पर 6-2, 2-6, 7-5 से जीत के बाद सिनर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मैच था, हम इस प्रतियोगिता से बाहर होने से एक अंक दूर थे और हम अभी भी यहां हैं।

# नौ साल बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई में लौटे सीएम पंक

## सरवाइवर सीरीज में की वापसी, ट्रिपल एच ने कराई खुफिया एंट्री



शिकागो। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट में सीएम पंक की वापसी हो चुकी है। रविवार को सरवाइवर सीरीज में रेसलर पंक ने वापसी की। उनकी नौ साल बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी हुई है। इस शो में पिछला मैच उन्होंने जनवरी 2014 में रॉयल रंबल में खेला था। उसके बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से खराब रिश्ते के कारण उन्होंने इस शो को तत्काल छोड़ दिया था और फिर कंपनी के सीओओ ट्रिपल एच और विंस मैकमेहन के बारे बयानबाजी की थी। तब ऐसा लगा था कि सीएम पंक इस कंपनी के साथ दोबारा नहीं जुड़ेंगे। हालांकि, नौ साल बाद अब उन्होंने वापसी की है। कंपनी के सीओओ ट्रिपल एच ने उनकी वापसी के लिए खुफिया प्लान बनाया था, जिसके बारे में किसी को पता नहीं था।

दरअसल, इस बार का सरवाइवर सीरीज शिकागो में आयोजित हुआ। सरवाइवर सीरीज वॉर गेम्स डब्ल्यूडब्ल्यूई के मेन इवेंट में से एक है, जिसमें टॉप क्लास के रेसलिंग मुकाबले खेले जाते हैं। काफी समय से इस बात की चर्चा थी कि पंक इस शो से डबल्यूडब्ल्यू में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर दो बातें चल रही थीं कि वह वापसी करेंगे और नहीं भी कर सकते हैं। सरवाइवर सीरीज में जब जजमेंट डे के साथ कोडी रोड्स की टीम का मुकाबला हुआ तो एक और वापसी हुई।

रैंडी ओर्टन ने भी इस शो से डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी की और कोडी रोड्स की टीम को जजमेंट डे की टीम पर जीत दिलाई। यह आखिरी मैच था और लग रहा था कि सीएम पंक वापसी नहीं करेंगे। मैच खत्म होते ही पंक का एंट्री सॉन्ग बजा और शिकागो में उस अरेना में मौजूद फैंस खुशी से झूम उठे। पूरे अरेना सीएम पंक..सीएम पंक की गुंज से भर उठा। शिकागो सीएम पंक का होम टाउन है और अपने फैंस के बीच वापसी से बेहतर उनके लिए कुछ भी नहीं हो सकता था।

# अनुराग ठाकुर ने पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी की लॉच

नयी दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा।

खेल मंत्री ने आज दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग सहित सात स्पर्धाओं में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रतिभाशाली पैरा एथलीटों की पहचान करने में मदद करेगा जिन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय के पर्याप्त समर्थन से सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश, विदेश में होने वाले पैरा खेलों के आयोजन का खर्च सरकार उठायेगी तथा प्रत्येक खिलाड़ी की छह लाख रूपये का जेब खर्च अगल से दिया जाता है। एथलीट को विकसित करने के लिए तीन लाख रूपये अतिरिक्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने शब्द नहीं सोच को बदलते हुए विक्लांग को दिव्यांग किया।

इसके साथ सुविधाएं भी बदली। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया एक अभियान नहीं, जन भागीदारी से जन आंदोलन बन गया है।

# मैं अपनी कॉलोनी में कबड्डी खेलता था : रवि शास्त्री

बेंगलुरु। प्रो कबड्डी लीग सीजन-10 शुरु होने से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री और संजय मांजरेकर ने मुंबई में खेलने के साथ-साथ कबड्डी देखने के अपने अनुभव को याद शास्त्री ने कहा, मैं अपनी कॉलोनी में कबड्डी खेलता था। यह खेल खेलने में बहुत मजा आता था क्योंकि हम शाम को खेलते थे। कॉलोनी के सभी लोग खेलने के लिए एक साथ आते थे और 50 लोगों का एक समूह हमारा खेल देखता था।

शास्त्री ने कबड्डी में फिटनेस के महत्व पर बल देते कहा, कबड्डी के लिए अच्छा फिटनेस स्तर बहुत महत्वपूर्ण है। कोर स्ट्रेंथ और निचला शरीर बहुत महत्वपूर्ण है।

इस दौरान मांजरेकर ने मुंबई में नाइट कबड्डी कल्चर के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया, एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी रात की कबड्डी होती थी और बहुत सारे लोग मुंबई में खेल देखने जाते थे। मैं भी भारी भीड़ के साथ खेल देखने जाता था। मांजरेकर ने कहा कि तेज गेंदबाजों का सामना करना कबड्डी खेलने से ज्यादा आसान है। उन्होंने कहा, यह एक संपर्क खेल है। मुझे हेलमेट पहनना और तेज गेंदबाजी का सामना करना कबड्डी खेलने की तुलना में अधिक आसान लगा। इस खेल के लिए लचीलेपन, ताकत और स्मार्टनेस की आवश्यकता होती है।

उल्लेखनीय है कि कबड्डी का नया सत्र 2 दिसंबर को अहमदाबाद में शुरू होने वाला है। सभी 12 फ्रेंचाइज़ियों के सुपरस्टार आगामी संस्करण में प्रत्येक संबंधित टीम के गृह शहरों में कबड्डी प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

शुरुआती मुकाबला गुजरात जायंट्स और तमिल थलाइवाज के बीच होगा।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के लिए अपनी टीम के खिलाड़ियों सूची जारी की




लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने रविवार को 18वें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए टीम के खिलाड़ियों की सूची जारी की।

लखनऊ सुपर जाइंट्स नए सीजन में नए कोच जस्टिन लैंगर के साथ मैदान पर उतरेगी। लैंगर ने कहा, पिछले दो साल में एलएसजी ने मजबूत बुनियाद तैयार की है और अच्छी सफलता हासिल की है। हम बेहतर खेल के ज़रिए टीम को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं।

नीलामी में हम यही हासिल करने की कोशिश करेंगे टीम के मालिक डॉक्टर संजीव गोयनका ने कहा, हमारे पास एक व्यवस्थित और संतुलित टीम है जो पिछले दो साल से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हम आईपीएल 2024 में भी उस कोर टीम को बरकरार रखना चाहते थे। खिलाड़ियों को बाहर करना हमेशा कठिन होता है। मैं उन सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। आप हमेशा सुपर जायंट्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। हम आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हैं।

एक संतुलित लाइन-अप के साथ, एलएसजी आगामी नीलामी में रणनीति के साथ खिलाड़ियों को चुनेगी ताकि टीम खिताब के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर सके।

जिन खिलाड़ियों को लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम में बनाए रखा गया है उन खिलाड़ी की सूची इस प्रकार है : -

केएल राहुल (कप्तान) कृणाल पांड्या, क्विंटन डी कॉक, निकलस पूरन, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, काइल मेयर्स,

देवदत्त पडिक्कल (आरआर से ट्रेडेड), आयुष बदोनी, प्रेरक मांकड़, के गौतम, मार्क वुड, नवीन उल हक, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अमित मिश्रा और मयंक यादव।

इन खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया गया है। रोमारियो शेफर्ड, आवेश खान, डेनियल सैम्स, करुण नायर, जयदेव उनदकट, मनन वोहरा, करण शर्मा, सूर्यांश शेडगे, स्वप्निल सिंह और अर्पित गुलेरिया।

# चीन में रहस्यमयी बीमारी, एडवाइजरी जारी

## राज्यों से कहा- ऑक्सीजन-दवाएं तैयार रखें; चीनी बच्चों को फेफड़े में जलन के साथ तेज बुखार



चीन की रहस्यमयी बीमारी पर भारत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पब्लिक हेल्थ सिस्टम को अपडेट करने के लिए कहा है।

इसके अलावा किसी बड़ी बीमारी के फैलने को लेकर अस्पतालों में तैयारी करने के लिए भी कहा गया है। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी चिंता जाहिर करते हुए चीन से इस बीमारी से जुड़ी जानकारी मांगी है।

### रहस्यमयी बीमारी पर हमारी नजर : हेल्थ मिनिस्ट्री

24 नवंबर को हेल्थ मिनिस्ट्री ने बताया था कि वो चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी पर नजर रख रही है। हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा था- चीन में बच्चों में एच9एन2 मामलों और सांस से जुड़ी बीमारी के फैलने की बारीकी से निगरानी की जा रही है।

वहीं, चीनी अधिकारियों का कहना है कि मार्च तक इस बीमारी का खतरा ज्यादा है। इसके अलावा अधिकारियों ने कोविड-19 संक्रमण के फिर से बढ़ने के खतरे को लेकर भी चेतावनी दी है।

### बीमारी को फैलने से रोकने के लिए चीन के स्कूल बंद

दरअसल, 23 नवंबर को चीनी मीडिया ने स्कूलों में एक रहस्यमय बीमारी फैलने की बात कही थी। पीड़ित बच्चों में फेफड़ों में जलन, तेज बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

### 1200 मरीज हर दिन इमरजेंसी में भर्ती हो रहे

रहस्यमयी बीमारी के चलते चीन की राजधानी बीजिंग और उसके 500 मील (करीब 800 किमी) के दायरे में सभी अस्पताल मरीजों से भर गए हैं। अलजजीरा के मुताबिक, बीजिंग के एक अस्पताल में इस बीमारी से पीड़ित करीब 1200 मरीज हर दिन इमरजेंसी में भर्ती हो रहे हैं।

वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने बताया कि चीन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांस से जुड़ी एक बीमारी फैलने की जानकारी दी थी।

# वेस्ट बैंक में 2 फिलिस्तीनियों को मारकर खंभे पर लटकाया

## भीड़ ने शवों को कचरे में फेंका; इजराइल के लिए जासूसी के आरोप थे



वेस्ट बैंक में शुक्रवार की रात भीड़ ने 2 फिलिस्तीनियों को गोली मारकर बिजली के खंभे से लटका दिया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक उन पर इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप लगे थे।

एक फिलिस्तीनी पत्रकार ने टाइम्स ऑफ इजराइल को बताया कि भीड़ ने पहले तो दोनों को पीटा, उन्हें गोली मारी और उनके शवों को लातें मारीं। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो वायरल हुए हैं। इनमें सैकड़ों लोग दिखाई दे रहे हैं। जबकि कुछ लोग मारे गए फिलिस्तीनियों को बिजली के खंभे पर लटका रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ लोगों ने दोनों फिलिस्तीनियों को इजराइली इंटेलिजेंस के लोगों से मिलते देखा था। आरोप है कि उन्हें इंटेलिजेंस शेयर करने के बदले हजारों डॉलर भी दिए गए थे। मारे जाने के बाद भीड़ ने उनके शवों को खंभे से उतारकर कचरे में फेंक दिया। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि इस घटना के दौरान वहां फिलिस्तीनी अथॉरिटी मौजूद थी या नहीं।

### हमास के कैदियों का अपनों से मिलन

सीजफायर के दूसरे दिन हमास ने शनिवार देर रात इजराइली बंधकों के दूसरे बैच को रिहा कर दिया। बदले में 39 फिलिस्तीनियों को इजराइली जेलों से छोड़ा गया। इजराइली सेना का कहना है कि युद्धविराम समझौते के तहत अदला-बदली के दूसरे दौर में हमास ने 13 इजराइलियों और चार विदेशियों को रिहा किया। ये चारों थाईलैंड के नागरिक हैं।

रिहाई के बाद दोनों तरफ के लोग और उनके परिवार खुशी मना रहे हैं। हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया, उनमें 8 बच्चे और 5 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 3 बच्चों की उम्र 10 साल से भी कम है। हमास की कैद से आजाद हुई 5 साल की रज अपनी 3 साल की बहन अवीव और मां के साथ बंधक थी। शनिवार को पिता से मिलने के बाद उसने कहा कि वो कैद में घर लौटने के सपने देखती थी।

### ईरान में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में नाबालिग को फांसी

तेहरान। ईरान में कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप के करीब दो साल बाद 17 वर्षीय एक नाबालिग दोषी को फांसी दे दी गई है। स्थानीय टीवी चैनल ने रविवार को यह जानकारी दी। इस मामले पर नॉर्वे स्थित हेंगॉ और ईरान मानवाधिकार (आईएचआर) समूहों ने नाबालिग की फांसी पर नाराजगी व्यक्त की है। अधिकार समूहों ने अलग-अलग बयानों में कहा कि हामिद्रेजा अजारी को शुक्रवार को रजावी खुरासान प्रांत के पूर्वी शहर सब्ज़ेवर की जेल में फांसी दे दी गई। मीडिया के अनुसार, अजारी अपने परिवार में एकमात्र बच्चा था और कम उम्र होने के बावजूद कुछ साल पहले ही स्क्रैप वर्कर के रूप में काम करना शुरू कर दिया था। हेंगॉ और आईएचआर दोनों ने अपने द्वारा देखे गए दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि अपराध के समय वह 16 साल का था और फांसी के समय 17 साल का था। अधिकार समूहों ने कहा कि यह निष्पादन ईरान द्वारा बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक और उल्लंघन है।

### डॉ. रहमान ने गाजा में स्वयंसेवक के रूप में काम करने के लिए अपना नाम दिया

कराची। पाकिस्तान के डॉ. हफीजुर रहमान उन 2,800 पाकिस्तानी डॉक्टरों में से हैं, जिन्होंने गैर-सरकारी संगठन अल खिदमत फाउंडेशन (एकेएफ) के आह्वान पर गाजा में स्वयंसेवक के रूप में काम करने के लिए अपना नाम दिया है। अखुवत के प्रमुख डॉ. अमजद साकिब ने कहा, हमने तय किया कि हमें अपने संसाधनों को एकत्रित करना चाहिए, चाहे वे स्वयंसेवकों, राहत सामग्री या दवाओं और उपकरणों के रूप में हों, सभी को जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान सरकार की नीति और प्रोटोकॉल के अनुसार एनडीएमए के माध्यम से भेजा जाना चाहिए। डॉ. रहमान ने 'डॉन' से कहा, जब मैं चौबीसों घंटे काम करने वाले डॉक्टरों के बारे में सुनता हूं, जिनके पास अपने परिवार के सदस्यों की मौत पर शोक मनाने का भी समय नहीं है, तो मुझे लगता है कि मैं ऐसे ही बैठकर कुछ नहीं कर सकता। डॉक्टर ने अपना नाम मेडिसिन सैन्स फ्रंटियर्स और रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति को भी दिया है, जो भी संगठन उसे तेजी से गाजा पहुंचा सकता है। डॉ. रहमान इससे पहले तुर्किये गए थे, जब देश के साथ-साथ सीरिया के कुछ क्षेत्रों में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। वह इस बात से सहमत थे कि प्राकृतिक आपदा में काम करना युद्ध क्षेत्र में काम करने से अलग है।

### तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस संपन्न, विश्व कल्याण के लिए जुटेगी हिन्दू शक्ति

बैंकॉक। दुनिया के हर हिन्दू को एक-दूसरे से जोड़ने और हिन्दू धर्म के जीवन मूल्यों से विश्व कल्याण के लिए सामर्थ्य हासिल करने के संकल्प के साथ तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का रविवार को यहां समापन हो गया। तीन दिन तक चले इस सम्मेलन का समापन यजुर्वेद के 'शांति मंत्र' के साथ हुआ। सम्मेलन में 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में मां भारती के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों की याद में एक मिनट का मौन भी रखा गया। प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी अम्मा ने सभा में आशीर्वचन भी दिये। चौथी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2026 में तथा वर्ल्ड हिन्दू इकॉनोमिक फोरम का शिखर सम्मेलन अगले साल मुंबई में आयोजित करने की घोषणा की गई। इस मौके पर सम्मेलन के अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने विश्व के 61 देशों के करीब 2200 प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उनका आह्वान किया कि वे अपने संपर्क के हर हिन्दू से जुड़ें और इस तरह से हिन्दू शक्ति को संगठित करें। सरकार्यवाह ने कहा, स्वामी विवेकानन्द ने कहा था 'हिन्दुओं, अपनी आध्यात्मिकता से दुनिया को जीतो', मुझे लगता है कि भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक उन्नति हमें वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस के महान ध्येय 'जयस्य आयतनम धर्म' का एहसास कराएगी।

### चीन में सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए खुलेंगी और अधिक क्लीनिक

बीजिंग। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों से फीवर क्लीनिकों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया क्योंकि देश कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील के बाद श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि से जूझ रहा है। सांस की बीमारी में इजाफा पिछले हफ्ते एक वैश्विक मुद्दा बन गया जब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उभरते रोगों की निगरानी कार्यक्रम द्वारा बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों पर एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन से अधिक जानकारी मांगी। चीन और डब्ल्यूएचओ को 2019 के अंत में मध्य चीनी शहर वुहान में उभरी महामारी की शुरुआत में रिपोर्टिंग की पारदर्शिता के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को कहा कि हाल की बीमारियों में कोई नया या असामान्य रोगजनक नहीं पाया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता मी फेंग ने रविवार को कहा कि तीव्र श्वसन संबंधी बीमारियों का उद्भव कई प्रकार के रोगजनकों सबसे प्रमुख रूप से इन्फ्लूएंजा या निमोनिया के एक साथ प्रसार से जुड़ा हुआ है। श्री फेंग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रासंगिक क्लीनिकों और उपचार क्षेत्रों की संख्या बढ़ाने, सेवा के घंटों को उचित रूप से बढ़ाने और दवा आपूर्ति की गारंटी को मजबूत करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस ष्ठ 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240, अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# राजस्थान : राजनीति की बदलती रेत में वसुंधरा की किस्मत अधर में

जयपुर ।(पी एम ए) पिछले पांच सालों में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अलग-अलग कारणों से सुर्खियां बटोरती रही हैं।

पार्टी कार्यालय से उनके पोस्टर हटाए जाने, भाजपा की रैलियों और विरोध प्रदर्शनों से उनकी अनुपस्थिति और अंतत: पार्टी के पोस्टरों, समारोहों में उनकी वापसी और अपनी ही पार्टी के नेताओं द्वारा उन्हें दरकिनार किए जाने के कारण वह सुर्खियों में रहीं।

हालांकि, कई समारोहों में नजरअंदाज किए जाने के बावजूद, राजे राजस्थान में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने अनुयायियों के लिए लगभग 40 से अधिक टिकट हासिल करने में सफल रहीं, जो दर्शाता है कि मैडम को अभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

अब जब चुनाव की गहमागहमी खत्म हो गई है, तो कांग्रेस और बीजेपी खेमे में समान रूप से सवाल पूछे जा रहे हैं कि चुनाव के बाद मैडम को क्या मिलेगा और वह कहां जाएंगी।

पिछले सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर अपने कार्यकर्ताओं के लिए प्रचार करते हुए राजे ने न केवल भारी भीड़ जुटाई, बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की जा रही विभिन्न नीतियों के कारण राज्य पर बढ़ते कर्ज के बोझ के लिए भी गहलोत सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने एक चुनावी रैली में कहा,राजस्थान में हर बच्चा अपने सिर पर लगभग 70 हजार रुपये का कर्ज लेकर पैदा होगा। गहलोत के समय में राज्य पर सबसे ज्यादा कर्ज हो गया है। यह कर्ज सरकार ने कांग्रेस के विकास के लिए लिया था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकारी खजाने से पैसा प्रदेश की जनता पर नहीं, बल्कि अपने विधायकों पर खर्च करते हैं। जब कांग्रेस विधायकों ने सरकार गिराने की कोशिश की तो महीनों तक विधायकों की बाड़ेबंदी में भारी रकम खर्च की गई। पूरा प्रवास 5-सितारा होटलों में था। ये पैसा जनता का था। आज निवेशक राजस्थान से भाग रहे हैं क्योंकि यहां देश में सबसे ज्यादा बिजली दरें हैं।



राजे ने कांग्रेस सरकार पर उसके घोषणापत्र को लेकर भी हमला बोला था और कहा था कि वह सच नहीं बोलती। उन्होंने कहा था, कांग्रेस ने 4 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, जबकि केवल 2.5 लाख पद खाली हैं। वे 4 लाख नौकरियां कैसे देंगे? गहलोत कह रहे हैं कि उन्होंने 3 लाख युवाओं को नौकरी दी। 3 लाख तो छोड़िए, 20 हजार को भी सरकारी नौकरी नहीं दे सके। पांच साल में 1.37 लाख सरकारी भर्तियां हुईं। इनमें से 1.20 लाख की भर्ती बीजेपी के समय में हुई थी।%

दरअसल, 25 नवंबर को चुनाव से पहले, वह ईआरसीपी, कृषि ऋण माफी आदि मुद्दों पर गहलोत सरकार पर हमला कर रही थीं।

एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, इससे साफ पता चलता है कि उन्होंने तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद नहीं खोई है। उन्होंने न केवल चुनाव प्रचार के दौरान भारी भीड़ जुटाई, बल्कि अपनी सभी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और गहलोत द्वारा किए गए कार्यों की आलोचना की। इससे पता चलता है कि वह वरिष्ठ नेताओं के गुड बुक में रहना चाहती हैं। और इससे यह भी पता चलता है कि वह खुद सीएम पद की दौड़ में शामिल होना चाहती हैं।

हालांकि, केंद्रीय नेतृत्व ने कमान अपने हाथ में ले ली है और अपनी रणनीतियों के मुताबिक आगे बढ़ रहा है. फिलहाल, ऐसा लगता है कि राजे को किनारे कर दिया गया है और इसलिए बड़ा सवाल उठता है- उनका अगला कदम क्या होगा?

एक अन्य पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, राजे फिलहाल सीएम की रेस में हैं। उन्होंने कई बार साबित किया है कि स्थिति चाहे जो भी हो, उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता है।

इस बीच पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने कहा, पूर्व सीएम को विभिन्न राज्यों में संवैधानिक पदों की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। अब, यह स्पष्ट है कि पार्टी नेतृत्व एक युवा नेतृत्व विकसित करना चाहता है। उन्हें या तो किसी राज्य की राज्यपाल बनने का मौका मिलेगा या फिर वैसा ही कोई पद मिलेगा. फिलहाल, उनके पास अभी भी पांच साल का समय है और इसलिए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भी मौका दिया जा सकता है। इस बीच, हाल के विधानसभा चुनावों के लिए राजस्थान में चुनाव प्रबंधन समिति का नेतृत्व कर रहे नारायण पंचारिया ने आईएएनएस से कहा, वसुंधरा हमारी पार्टी की वरिष्ठ नेता रही हैं। वह हमारी सभी जिम्मेदारियां अच्छे से निभा रही हैं। वह हाल ही में झारखंड में थीं, जहां उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और राजस्थान में भी कड़ी मेहनत की।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आईएएनएस से कहा, यह सर्वविदित तथ्य है कि भाजपा प्रयोग करती रही है। यह हमारा पार्टी नेतृत्व तय करेगा कि किसे क्या जिम्मेदारी मिलेगी। शीर्ष नेतृत्व का प्रभुत्व और प्रमुखता है। कांग्रेस में तो आलाकमान को चुनौती देकर गहलोत सीएम बने रह सकते हैं, लेकिन बीजेपी में ऐसा नहीं है। हमारी पार्टी में हमारा नेतृत्व पवित्र है और केंद्रीय नेतृत्व जो कहता है हम सभी उसका पालन करते हैं।

अब यह तो समय ही बताएगा कि तीन दिसंबर को नतीजे आने के बाद राजे को क्या भूमिका मिलेगी। चाहे वह राजस्थान में हों या केंद्र में या किसी अन्य राज्य में, सभी की निगाहें राज्य में बीजेपी की इस वरिष्ठ और सबसे करिश्माई नेता पर हैं।

# देव दीपावली पर काशी में 70 देशों के राजदूत की अगवानी करेंगे मुख्यमंत्री योगी

## 12 लाख दीपों से घाटों को किया जाएगा रोशन

वाराणसी। (पी एम ए) काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर जब दीपों की माला पहने हुए मां गंगा का श्रृंगार होता है तो अद्भुत छटा होती है। ऐसा लगता है कि आसमां से तारे जमीन पर उतर आए हैं। इस अलौकिक दृश्य को देखने बड़ी संख्या में भारतीय और विदेशी मेहमान यहां आते हैं। यह नजारा 27 नवंबर (सोमवार) को दिखेगा, जब खुद भगवान देव दीपावली मनाने स्वर्ग से काशी के घाटों पर उतरेंगे।

### 70 देशों के राजदूत व 150 विदेशी डेलिगेट्स देखेंगे अलौकिक नजारा

विश्वविख्यात देवदीपावली पर साक्षी बनने के लिए 70 देशों के राजदूत काशी आएंगे। इनके साथ ही 150 विदेशी डेलीगेट्स और परिजन भी देव दीपावली का दिव्य नजारा देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इनका स्वागत करेंगे। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी मेहमान देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बनेंगे। मेहमान दोपहर बाद एयरपोर्ट से नमो घाट आएंगे। यहां से क्रूज़ पर सवार होकर देव दीपावली के भव्य नज़ारे को देखेंगे।

भारतीय परंपरानुसार एयरपोर्ट पर मेहमानों का स्वागत होगा। वहीं एयरपोर्ट समेत विभिन्न स्थानों पर लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। स्वागत के लिए रास्तों और चौराहों को सजाया जा रहा है। विदेशी मेहमान लेज़र और क्रैकर शो का भी लुत्फ उठाएंगे। क्रूज़ पर मेहमान बनारसी खानपान और कुल्हड़ वाली चाय की भी चुस्की लेंगे।



### 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी योगी सरकार

प्रदेश की योगी सरकार देव दीपावली को भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी। इनमें एक लाख दीप गाय के गोबर के बने होंगे। साफ़ सफाई करके तिरंगा स्पायरल लाइटिंग से शहर व घाट सजाए गए हैं। देव दीपावली पर 8 से 9 लाख पर्यटकों के आने का अनुमान है। सुरक्षा के भी कड़े इंतज़ाम किये जा रहे हैं।

### गंगा पार रेत पर भी रोशन होंगे दीपक

उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर 85 घाटों पर इस साल योगी सरकार की ओर से 12 लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग 21 लाख से अधिक दीप घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए जाएंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन होंगे। काशी के घाटों की इस अद्भुत दृश्य को देखने देश विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस, नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज़ लगभग पहले से बुक व फुल हो गए हैं। सरकार चेत सिंह घाट पर लेजर शो कराएगी। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेज़र शो के माध्यम से जीवंत होती दिखेगी। पर्यटक गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद ले सकेंगे।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा 11 टन फूलों से सजाया जा रहा है। गंगा द्वार पर लेज़र शो के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी लेज़र शो के माध्यम से दिखाई जाएगी।

### सजावट और सुरक्षा के किये गए हैं पुख़्ता इंतज़ाम

देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं। रंगोली, फसाड लाइट व झालरों से सजावट की गई है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतज़ाम रहेगा। ड्रोन उड़ान पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, जिले की सीमा पर भी चौकसी बरती जाएगी। घाटों पर वाच टावर से निगरानी रखी जाएगी। पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए अस्पतालों में बेड रिज़र्व कर चिकित्सकों की टीम को अलर्ट रखा गया है। गंगा में फ्लोटिंग डिवाइडर बनाए जाएंगे। नाविकों को निर्धारित पर्यटकों को बैठाने व लाइफ जैकेट पहनने की हिदायत दी गई है। एनडीआरएफ की 8 टीमों को विभिन्न घाटों पर बचाव उपकरणों, मेडिकल टीम 'वाटर एम्बुलेंस' के साथ विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं के नि:शुल्क उपचार हेतु रहेगी। जल पुलिस के जवान गंगा में तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ के अनुमान से ट्रैफिक डायवर्जन व पार्किंग सुनिश्चित कर दिया गया है।

### दशाश्वमेध घाट की महाआरती में दिखेगी राम भक्ति और राष्टवाद की झलक

आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद व सामाजिकता की भी झलक देव दीपावली में दिखेगी। दशाश्वमेध घाट की आरती रामलला को समर्पित होगी। यहां रामलला व राम मंदिर की झलक मिलेगी। दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा अमर जवान ज्योति की अनुकृति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारत के अमर वीर योद्धाओं को 'भगीरथ शौर्य सम्मान' से सम्मानित भी किया जाता है। 21 अर्चक व 51 देव कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में दशाश्वमेध घाट पर महाआरती करेंगी, जो नारी शक्ति का भी संदेश देंगी। घाटों पर छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्रों के जरिए संदेश देंगी तो वहीं गुरुनानक देव की जयंती प्रकाश उत्सव पर उनसे चित्रों का प्रदर्शन दिखेगा।

दीपावली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व को मनाने के लिए देवता स्वर्ग से काशी के पावन गंगा घाटों पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं और महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह पर्व काशी की प्राचीन संस्कृति का खास अंग है। देव दीपावली का वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है कि जब कार्तिक मास में त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने देवताओं पर अत्याचार शुरू किया और उनको मारने लगा तब भगवान विष्णु ने इस क्रूर राक्षस का वध इसी दिन किया था और देवताओं ने दीपावली मनाई थी।

# भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

गाजीपुर। ( पी एम ए) विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्राम पंचायत राजापुर में मा0 मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया । ग्राम सभा से लोक सभा तक इस संवाद कार्यक्रम में मंचाशीन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत बुके, स्मृति चिन्ह एवं माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। सरस्वती शिशु मंन्दिर राजापुर के छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागतगीत की प्रस्तुति दी गयी जो सराहनीय रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि ने राजापुर में सांसद निधि से एक खेल मैदान की घोषणा की। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आधारित विशेष वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तव्यो को सुना व देखा गयां । कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों ने मा0 प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएँ संचालित होती है उसका लाभार्थी प्रत्येक पात्र व्यक्ति बने । उन्होने कहा कि पहली बार इस देश के प्रधानमंत्री पर जनता का भरोसा पैदा हुआ है कि जो कहता है, वो दिखता है। जो लोकतंत्र के शक्ति शाली होने का सबसे बड़ा सबूत है। उन्होने कहा कि यह करईल क्षेत्र की धरती जो दुनिया की सबसे उपजाऊ किस्म की धरती है जो पहले मगही नदी के जल जमान से ग्रस्त थी यहां खेती नही हो पाती थी, मैने प्रशासनिक अधिकारियो से वार्ता की और कहा कि मगही नदी को मगही नदी के पेटा में कताई कराकर जल का प्रवाह कराने की जरूर है और ऐसा ही हुआ। आज करईल के क्षेत्र में हरियाली देखकर गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है।

# कारागार मंत्री ने बंदियों संग सुनी मन की बात

आजमगढ । (पी एम ए) उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने आज जिला जेल आजमगढ़ में निरुद्ध बंदियों के साथ संवाद किया। संवाद से पूर्व उन्होंने बंदियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम मन की बात सुनी। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि आपकी एक गलती की वजह से बाहर आपके परिवार को कौन-कौन सी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है,इसका आप लोगों को अंदाजा है क्या। कोई भी परिवार आपकी बहन या बेटी को शादी के लिए स्वीकार नहीं करता। बच्चों की पढ़ाई- लिखाई से लेकर शादी - विवाह तक समस्या बन जाती है। उन्होंने बंदियों से अपील की कि आगे से ऐसी कोई गलती ना करें जिससे आपको दोबारा जेल में आना पड़े। कारागार मंत्री ने कहा कि जेल में रहते हुए आप स्वयं को कौशल विकास से जोड़ सकते हैं। कोई हुनर सीख सकते हैं। जिससे कि बाहर जाकर आप कोई छोटा-मोटा रोजगार कर सके और अपने परिवार का सहारा बन सके। साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपनी बैरकों में रामायण पाठ हनुमान चालीसा या अपने-अपने हिसाब से कोई भी धार्मिक ग्रंथ का पाठन करें। इससे आपकी सोच में सकारात्मक आयेगी और नेगेटिव बातों से आप दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप एक अच्छा नागरिक बनकर जेलों से बाहर जाएं और प्रयास करें कि दोबारा ऐसी कोई गलती ना हो जिससे कि आपको दोबारा जेल में आना पड़े।

# आयुष मंत्री ने 15वॉ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र का किया शुभारंभ

वाराणसी ।(पी एम ए) नेहरु युवा केन्द्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित 15वॉ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दयाशंकर मिश्र दयालू रविवार को शिवर स्थल जय पब्लिक स्कूल कोरौता अलाउद्दीन में पहुंचकर आदिवासी युवाओं से मुलाकात की। प्रशिक्षण सत्र का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। सभी का खानपान वेशभूषा, रहन-सहन, भले ही अनेक है पर सबका दिल एक है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में भले ही चिकित्सा पद्धति अलग-अलग है पर नेचुरल पैथी एक है। स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानते हुए उनकी याद सभी को दिलाई और कहा कि वह अक्सर कहा करते थे कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का विकास होता है।उन्होंने नेहरू युवा केंद्र संगठन के प्रयास स्वागत किया जिसके माध्यम से आदिवासी क्षेत्र से आए हुए युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त जिला विकास अधिकारी डॉक्टर डी आर विश्वकर्मा ने अपनी बात आदिवासी युवाओं के मध्य रखते हुए शिक्षा को व्यक्ति का तीसरा नेत्र बताया। उन्होंने युवाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक बताया क्योंकि शिक्षित युवा ही देश के मजबूत भविष्य की नींव रख सकते है। उन्होंने जिज्ञासु युवक युवतियों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमे युवाओं से जुड़ी हुई योजनाओं जैसे एकलव्य स्कूल, हर घर जल ,राष्ट्रीय आजीविका मिशन मुख्य रहे । काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर बाला लखेंद्र ने कहा कि सभी के धर्म अलग-अलग हो सकते हैं किंतु सबसे बड़ा धर्म राष्ट्र धर्म है। उन्होंने युवाओं के उत्तरदायित्वो के निर्वहन का बोध भी कराया। सुरेश कुमार पांडे ग्राम विकास संस्थान के प्रशिक्षक ने माननीय प्रधानमंत्री जी के फ्लैगशिप कार्यक्रम विशेष कर आदिवासी क्षेत्रो के लिए किये जा रहे विकास के प्रयासों का पी.पी.टी. के माध्यम से समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# विज्ञान को लेकर बच्चों ने दिखाया अपना ज्ञान

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने रॉबोट, आधुनिक मॉडल और पोस्टर से जीता दिल





**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। ग्राम मुसनोता स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल मेकिंग में अलग-अलग विषयों पर बहुत ही आकर्षक व आधुनिक मॉडल बनाए तथा पोस्टर मेकिंग व रोल प्ले एक्टिविटीज में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बच्चों ने रोबोटिकस, एनवायरमेंटल साइंस, स्पेस साइंस, कंप्यूटेशनल थिंकिंग, व ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन थीम्स पर बेहद अच्छे मॉडल बनाए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया की इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों व शिक्षकों ने काफी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि यह एक टीम वर्क है जो बच्चों और स्टाफ की भागीदारी से ही सफल होता है।

प्रैक्टिकल नॉलेज से बच्चों को ज्यादा ज्ञान मिलता है और इस प्रकार की क्रिएटिविटी से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।। जियोग्राफी प्रवक्ता सोनिया ने सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए उनके कार्य की सराहना की तथा उन्हें बधाई दी।

विद्यालय में रसायन शास्त्र प्रवक्ता मुनेश यादव ने बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर सभी मॉडल तैयार करवाए। 10वीं क्लास के छात्र कपिल द्वारा बनाए गए रोबोट ने सभी का दिल जीत लिया।

कपिल ने कहा कि रोबोटिक्स कंप्यूटेशनल थिंकिंग को समझने का एक शानदार तरीका है क्योंकि इसमें स्टेप बाय स्टेप कोडिंग सीक्वेंस को प्रोसेस किया जाता है। वहीं 10वीं की छात्रा मोनिका ने चंद्रयान-3 का बेहद आकर्षक मॉडल बनाया, 9वीं कक्षा के छात्र जसवीर तथा अविनाश ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट बेस्ड ऑन नेट जीरो कार्बन एमिशन तैयार किया।

विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी के इस कार्यक्रम में 6 और 8 ग्रुप में कक्षा आठवीं के छात्र युवराज ने हाइड्रोपोनिक्स तकनीक के ऊपर मॉडल तैयार किया जिसकी सभी स्टाफ मेंबर्स ने खूब सराहना की। कक्षा नौंवी की छात्रा साक्षी तथा अनीता ने मैथमेटिक्स और साइंस के फार्मूले रोचक तरीके से याद करने के मॉडल तैयार किये जो सभी को बहुत पसंद आए। आठवीं कक्षा की छात्रा आरजू ने एनवायरमेंटल प्रोटक्शन के ऊपर बहुत आकर्षक पोस्टर तैयार किया तथा इसके माध्यम से एनवायरमेंट की सेफ्टी के बारे में बताया। वहीं दसवीं कक्षा की छात्रा नाजुक ने सोशल मीडिया के अच्छे और बुरे प्रभावों को एक्सप्लेन करते हुए पोस्टर बनाया।

विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 10वीं की छात्रा मनीषा ने रोल प्ले के माध्यम से मानव मस्तिष्क की बनावट तथा कार्य समझाए। वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी ने रोल प्ले के माध्यम से वृक्षों की भूमिका को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राइमरी तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक व अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## पी एम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर हुआ लाइव प्रसारण

वाराणसी। (पी एम ए) आकाशवाणी से प्रसारित माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 107वें एपिसोड का पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर टीवी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण 26 नवम्बर, 2023 को हुआ, जिसे स्टेशनों पर आने वाले भारी संख्या में यात्रियों ने देखा और सुना, जो कि यात्रियों को काफी रूचिकर लगा। कार्यक्रम का प्रसारण वाराणसी मंडल के बनारस, वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, मऊ, छपरा, प्रयागराज रामबाग, औंड़िहार, सीवान, दुरौंधा, भटनी एवं सलेमपुर सहित मंडल के विभिन्न प्रतीक्षालयों,यात्री निवासों की टीवी स्क्रीन पर हुआ। इसके अतिरिक्त बनारस एवं छपरा स्टेशनों पर बड़े स्क्रीन लगाये गये जिसपर 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। इन स्क्रीनों पर प्रसारित हो रहे 'मन की बात' कार्यक्रम को भारी संख्या में यात्रियों ने बड़े चाव से देखा और सुना।

## संविधान को बचाने के संकल्प के साथ आप ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

लखनऊ। (पी एम ए) आज संविधान दिवस एवं पार्टी की स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय पर शिक्षक प्रकोष्ठ एवं बुद्धजीवी प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से आप नेताओं की गिरफ्तारी, जांच एजेंसियों राजनैतिक दुरुपयोग विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए बुद्धजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बी एन खरे ने कहा कि समता और सामाजिक सुरक्षा की जो गारंटी भारतीय संविधान देश की जनता को देता है, उसी गारंटी को जन-जन तक पहुंच रहे हैं अरविन्द केजरीवाल। शिक्षक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने कहा कि आप नेताओं की गिरफ्तारी पूर्वाग्रह से ग्रसित और असंवैधानिक है। देश की जनता अरविन्द केजरीवाल का दिल्ली मॉडल पसंद कर रही है इसी कारण आप की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर केंद्र सरकार हताशा में ये काम कर रही है। विचार गोष्ठी का संचालन जिलाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने किया। विचार गोष्ठी को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र राठौर, प्रदेश महासचिव अजय गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष सयैद मोहम्मद तक़ी, विनय कुमार शर्मा, डॉ दिग्विजय सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव पांडेय, ललित तिवारी, अफरोज आलम,धीरज कुमार शर्मा, श्रीमती प्रतिभा मौर्य, श्रीमती बबिता वर्मा, आनिल जैन, अमित श्रीवास्तव, सईद अहमद, ब्रजेश चंद्र पटेल, अनूप वर्मा, उधम सिंह, राजन यादव आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## पराली एवं गोबर की लकड़ी द्वारा संचालित कोल्ड रूम कम रिपेनिंग चैम्बर कम डिहाइड्रॉटर का उद्घाटन

वाराणसी। (पी एम ए) कृषक उत्पादक संगठन एवं औद्यानिक विपणन सहकारी समिति लिमिटिड, टिकरी, जो कि कृषि उत्थान में निरंतर कार्य कर रही है,इस क्रम में आज संगठन के कार्यालय टिकरी में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की उपस्थिति में पराली एवं गोबर की लकड़ी द्वारा संचालित कोल्ड रूम कम रिपेनिंग चैम्बर कम डिहाइड्रॉटर (एनसीडीसी, लखनऊ द्वारा अनुदानित) का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ0ए0के0 सिंह (डिप्टी डायरेक्टर कृषि) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं अद्यक्षता संगठन के संरक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति ने संगठन द्वारा अपनायी गई। नई तकनीकी को स्थापित करने हेतु संगठन के अध्यक्ष ई0 अमित सिंह को बधाई दी और कहा कि इससे किसानों की आय में निश्चित ही वृद्धि होगी एवं पराली जलाने से होने वाली पर्यावरण क्षति की रोकथाम होगी। डॉ0ए0के0 सिंह ने कहा के मैंने अपने कार्यकाल में इस तरह की तकनीकी पहली बार देखी है जिससे किसान एवं पर्यावरण दोनों को लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में सीडीओ एवं डिप्टी डायरेक्टर कृषि द्वारा पौधरोपण कर किसानो को शपथ दिलाई गई।

## 'आप' का एक-एक कार्यकर्ता देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार: केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी की स्थापना के 11 सालों में बहुत से उतार-चढ़ाव और बहुत मुश्किलें आईं लेकिन हम सबके जज़्बे तथा जुनून में कोई कमी नहीं आई है व आज 'आप' का एक-एक कार्यकर्ता देश को बचाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार है। केजरीवाल ने रविवार को पार्टी की स्थापना दिवस पर देश भर के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साल 2012 में संविधान दिवस के ही दिन हम सब लोगों ने मिलकर आम आदमी पार्टी की स्थापना की थी। इन 11 सालों में हमारे सामने बहुत से उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आईं। इसके बावजूद हम सबके जज़्बे और जुनून में कोई कमी नहीं आई है और आज आप का एक-एक कार्यकर्ता देश को बचाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में जितना आम आदमी पार्टी को निशाना बनाया गया, उतना भारत के इतिहास में किसी और राजनितिक पार्टी को निशाना नहीं बनाया गया हैं। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में जनता ने हमें बहुत प्यार दिया। जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से दो राज्यों में सरकार बनी और दो अन्य राज्यों में विधायक बने।

## मोदी 30 दिसंबर से यूएई की यात्रा पर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 30 नवंबर से 01 दिसंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री यूएई के राष्ट्रपति एवं अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के निमंत्रण पर दुबई की यात्रा करेंगे। विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के पार्टियों के 28वें सम्मेलन (सीओपी-28) का उच्च-स्तरीय भाग है। सीओपी-28 का आयोजन यूएई की अध्यक्षता में 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक किया जा रहा है। अपनी यात्रा के दौरान मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यूएनएफसीसीसी के दलों का सम्मेलन जलवायु परिवर्तन की साझा चुनौती से निपटने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को गति प्रदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। ग्लासगो में सीओपी-26 के दौरान, प्रधानमंत्री ने जलवायु कार्रवाई में भारत के अभूतपूर्व योगदान के रूप में पंचामृत नामक पांच विशिष्ट लक्ष्यों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने उस अवसर पर पर्यावरण के लिए मिशन लाइफस्टाइल (लाईफ) की भी घोषणा की थी। जलवायु परिवर्तन भारत की जी20 अध्यक्षता का एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है।

## संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे भाजपा-आरएसएस

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश की जनता के संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। खडगे ने संविधान दिवस पर आज अपने संदेश में कहा भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है। हम 74वें संविधान दिवस को मनाते हुए इसके निर्माताओं के कृतज्ञ हैं और उनके प्रति अत्यंत श्रद्धा से सर नवाते हैं - क्योंकि उन्होंने हमारे संविधान में प्रत्येक भारतीय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी दी है। उन्होंने कहा , इन गारंटियों के बावजूद आज हमारे संविधान की भावना के समक्ष अनेक चुनौतियां सामने आकर खड़ी हो गई हैं और लोगों को इन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। देश का वर्तमान शासन संविधान में निहित सभी स्वतंत्रताओं को कुचलने और कम करने के लिए हर चाल चल रहा है। असहमति को दबाया जा रहा है और संस्थाओं को सत्तावादी व्यवस्था लागू करने के खेल में मोहरा बनाया जा रहा है। यही नहीं सामाजिक परिवर्तनों की आड़ में नफरत को परोसा जा रहा है। खडगे ने कहा आरएसएस भाजपा संविधान पर व्यवस्थित और तीखा हमला करने के लिए सरकारी मशीनरी के हर नट और बोल्ट का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे है।

CMYK CMYK CMYK CMYK